# परिचय: घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण


**We provide mentoring and coaching on the USE of our education and training RESOURCES**

To stay up-to-date and get support on:

The latest updates to this document

Other workshop and training related resources

Using this



Translated by:

SEHGAL FOUNDATION

CAWST

CAWST, the Centre for Affordable Water and Sanitation Technology, is a nonprofit organization that provides training and


Unit B12 - 6020 2nd Street SE Calgary, Alberta T2H 2L8 Canada

+1 (403) 243-3285

resources@ca

consulting to orga- nizations working directly with populations in low and middle income countries who lack access to clean water and basic sanitation.

This document is open content and licensed under the Creative Com- mons Attribution-ShareAlike 4.0 International License (CC BY-SA 4.0). To view a copy of this license, visit:

https://creativecommons.org/licenses/by-sa/4.0/

CAWST will produce updated versions of this document periodical- ly. For this reason, we do not recommend hosting this document for download on your website.

CAWST's directors, employees, contractors and volunteers do not as- sume any responsibility for, and make no warranty with respect to, the results that may be obtained from the use of the information provided.

You are free to:

- Share – Copy and redistribute the material in any medium or format.
- Adapt- Remix, transform, and build upon the material for any purpose, even commercially.

Under the following terms:

- Attribution – You must give appropriate credit to CAWST, provide a link to the license, and indicate if changes were made. You may do so in any reasonable manner, but not in any way that suggests that CAWST endors- es you or your use. Please include our website: cawst.org
- ShareAlike - If you remix, transform, or build upon the material, you must distribute your contributions under the same license as the original.

# विषय - सूची


| विषय - सूची | शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | परिचय | 1 |
| | घरेलु जल उपचार और सुरक्षित भंडारण टूलकिट | 1 |
| | कार्यशाला सारांश | 2 |
| | सत्र परिणाम (सत्र परिणाम) | 3 |
| | व्यव्हार संबंधी परिणाम (बिहेवियरल आउटकम) | 8 |
| | कार्यसूची (एजेंडा) | 8 |
| | पाठ योजनाए (लेसन प्लान्स) | 15 |
| | कार्यशाला का परिचय | |
| | सुरक्षित पेयजल | 19 |
| | एच डब्ल्यू टी एस: यह क्या है और यह कब प्रभावी है? | 26 |
| | सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा | 31 |
| | जल सुरक्षा को जोखिम | 39 |
| | पेयजल की गुणवत्ता | 43 |
| | मल्टी-बैरियर एप्रोच (बहु-बाधा दृष्टिकोण) | 48 |

| | | |
|---|---|---|
| | सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्प | 53 |
| | फिल्ट्रेशन विकल्प | 59 |
| | डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प | 65 |
| | सुरक्षित भंडारण और प्रयोग विधि (जल प्रयोग व्यवहार (हैंडलिंग) ) | 70 |
| | एच डब्ल्यू टी एस विकल्प चयन | 73 |
| | व्यवहार परिवर्तन और एच डब्ल्यू टी एस | 78 |
| | एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन | 90 |
| | जल गुणवत्ता परीक्षण | 94 |
| | जल सुरक्षा योजना और एच डब्ल्यू टी एस | 102 |
| | क्लोरीन मात्रा | 108 |
| | मेम्ब्रेन फ़िल्टर | 116 |
| | कार्यशाला समापन | 119 |
| | दैनिक उद्‌घाटन और समापन गतिविधियाँ | 123 |
| | गतिविधियों की समीक्षा | 123 |
| | समीक्षा प्रश्न | 127 |
| | दैनिक मूल्यांकन गतिविधियाँ | 129 |
| | दैनिक मूल्यांकन फॉर्म | 130 |

## परिचय

यह ट्रेनर मैनुअल घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण (एच डब्ल्यू टी एस- HWTS) के बारे में कार्यशालाओं का आयोजन और सुविधा प्रदान करने वाली संस्थाओं के लिए है। ये पाठ योजनाएँ और साथ की अन्य सामग्री, प्रशिक्षण प्रतिभागियों और वहां के स्थानीय संदर्भ को ध्यान में रखते हुए आवश्यक परिवर्तन के साथ अपनाना चाहिए। यह कार्यशाला CAWST (सेंटर फॉर अफोर्डेबल वाटर एंड सेनिटेशन टेक्नोलॉजी) के कर्मचारियों द्वारा किये गए शैक्षणिक शोध, व्यवसायिक अनुभवों और प्रयोगात्मक सीख पर आधारित है जिसे S M Sehgal Foundation, India (एस एम सहगल फाउंडेशन, इंडिया)की Water Research and training (वाटर रिसर्च एंड ट्रेनिंग) टीम द्वारा हिंदी में अनुवाद कर भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया ।

---

## घरेलु जल उपचार और सुरक्षित भंडारण ट्रेनर टूलकिट

इस ट्रेनर मैनुअल का डिज़ाइन निम्नलिखित CAWST संसाधनों के साथ उपयोग करने के लिए किया गया है (ये संसाधन www.resources.cawst.org पर एच डब्ल्यू टी एस ट्रेनर टूलकिट में मुफ्त उपलब्ध है) :

- लर्निंग एड्स (प्रशिक्षण सामग्री)
  - पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन स्लाइड (कुछ पाठों के लिए)
  - एच डब्ल्यू टी एस प्रतिभागी कार्यपुस्तिका: प्रतिभागियों के विचारों, टिप्पणियाँ को व्यवस्थित करने और कार्यशाला के दौरान उठने वाले सवालों के जवाब देने में मदद करने के लिए
  - रोग कार्ड: पानी से संबंधित बीमारियों के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य संक्षेप में प्रस्तुत करने वाले छोटे पोस्टर (इस कार्यशाला में कुछ गतिविधियों के लिए आवश्यक)
  - मल्टी-बैरियर एप्रोच सॉर्टिंग कार्ड्स: स्रोत सुरक्षा, सुरक्षित आवागमन (सम्प्रेषण), सेडीमेंटशन (तलछटीकरण), फिल्ट्रेशन, डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) ) और सुरक्षित भंडारण के लिए विकल्पों का चित्रण ("पाठ योजना: मल्टी-बैरियर एप्रोच" के लिए आवश्यक)
- पठन सामग्री
  - तकनीकी ब्रीफ: इस कार्यशाला में शामिल प्रमुख अवधारणाओं को संक्षेप में प्रस्तुत करने के लिए लघु आलेख (ये प्रशिक्षकों के लिए पढ़ना आवश्यक है और प्रतिभागियों के लिए अनुशंसित हैं)
  - फैक्ट शीट्स: 1- विभिन्न एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण तथ्यों को उजागर करने वाले आलेख (इस कार्यशाला में कुछ पाठों के लिए आवश्यक)
  - तकनीकी सूचना पत्र: फैक्ट शीट्स की तुलना में अधिक विस्तृत, ये चयनित एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों के बारे में अतिरिक्त जानकारी प्रदान करते हैं (प्रशिक्षकों के लिए अनुशंसित पठन सामग्री)
  - केस स्टडीज: विभिन्न संगठनों और व्यवसायों द्वारा उनके एच डब्ल्यू टी एस कार्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले सार का संक्षेप में प्रस्तुतिकरण ("पाठ योजना: एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन" के लिए आवश्यक)
- आवश्यक सामग्री
  - कार्यशाला एजेंडा: कार्यशाला के लिए अनुकूलनीय कार्यक्रम (Adaptable agenda)
  - कार्यशाला-पूर्व प्रश्नावली: कार्यशाला के लिए योजना बनाते समय प्रतिभागियों के बारे में जानने के लिए प्रश्नावली
  - कार्यशाला का मूल्यांकन: हैंडआउट्स जिन्हें कार्यशाला के बाद मूल्यांकन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है
  - कार्यशाला सर्टिफिकेट टेम्प्लेट

- कार्यशाला की रूपरेखा

इस प्रशिक्षण पुस्तिका में प्रत्येक पाठ योजना के लिए आवश्यक विशिष्ट सामग्रियों को प्रत्येक पाठ के पहले पृष्ठ पर सूचीबद्ध किया गया है और इसमें पावर प्वाइंट फ़ाइलें, गतिविधि कार्ड (Activity card), हैंडआउट्स (कुछ पाठों के अंत में उपलब्ध), फ्लिप चार्ट पेपर, स्टिकी नोट्स, घरेलू जल उपचार तकनीक और मार्कर आदि शामिल हो सकते हैं।

## कार्यशाला अवलोकन

### प्रतिभागी

यह कार्यशाला उन 10-20 प्रतिभागियों के समूहों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो साक्षर हैं और उन्हें पेय-जल, सैनिटेशन और स्वच्छता (WASH) के क्षेत्र में कुछ पूर्व अनुभव है।

आदर्श प्रतिभागी: जो एच डब्ल्यू टी एस कार्यों के बारे में निर्णय लेने के लिए जिम्मेदार लोग हैं। उदाहरण के लिए, वे एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों का चयन करने, जल उपचार उत्पादों को बेचने, जल उपचार से संबंधित नीतियों और विनियमों को बनाने या घरेलू जल उपचार कार्यक्रम को लागू करने के लिए जिम्मेदार लोग हो सकते हैं।

### उद्देश्य

इस कार्यशाला में भाग लेने के बाद, प्रतिभागी अपने संदर्भ के लिए उपयुक्त एच डब्ल्यू टी एस समाधान व विकल्प का चयन करने में सक्षम होंगे। उनके पास व्यवहार परिवर्तन को प्रभावित करने वाले तत्त्व के बारे में अधिक जागरूकता होगी और वे उन समुदायों में एच डब्ल्यू टी एस के सही, निश्चित और निरंतर उपयोग के विषय में सहायता करने के लिए अधिक प्रभावी होंगे।

### विषय और प्रवाह

इस कार्यशाला में चार मुख्य विषय शामिल हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुरक्षित पेयजल और एच डब्ल्यू टी एस | जल सुरक्षा और मल्टी-बैरियर एप्रोच | एच डब्ल्यू टी एस विकल्प | एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन |

कार्यशाला के आरम्भ में प्रतिभागी सुरक्षित पेय जल के महत्त्व पर चर्चा करेंगे और साथ हीं वैश्विक समुदाय कैसे सुरक्षित पीने के पानी तक पहुंच का मूल्याङ्कन करता है, और एच डब्ल्यू टी एस समाधान की प्रभावशीलता के प्रमाणों पर भी चर्चा की जाएगी (**सेफ ड्रिंकिंग वॉटर और एच डब्ल्यू टी एस**)।

इसके बाद, प्रतिभागी अपने जल आपूर्ति प्रणालियों का चित्रण करेंगे और पेयजल सुरक्षा के लिए जोखिमों की पहचान करेंगे। वे अपने क्षेत्र में पानी से संबंधित बीमारियों के बारे में जानेंगे और साथ हीं उन अवरोधकों (तकनीकों और व्यवहारों) की पहचान करेंगे, जिनका उपयोग पानी के "स्रोत से उपयोगकर्ता के मुख (Source to mouth)" तक की रक्षा के लिए किया जा सकता है।

जोखिम और बाधाओं (Risk and Barriers) की इस समझ के साथ, प्रतिभागी सेडीमेंटशन (तलछटीकरण), फिल्ट्रेशन , डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) और पीने के पानी के सुरक्षित भंडारण के विकल्पों पर व्यवहारिक व प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त करते हैं। वे विभिन्न विकल्पों के लाभों और सीमाओं का

मूल्यांकन के साथ वे उचित जल उपचार और सुरक्षित भंडारण विधियों का , मल्टी–बैरियर एप्रोच (एच डब्ल्यू टी एस विकल्प) के सन्दर्भ में अध्ययन करते हैं।

अंततः प्रतिभागी एच डब्ल्यू टी एस की सफलता के लिए आवश्यकताओं का अध्ययन करते है। परिदृश्य, केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागी उचित तकनीकी विकल्प चयन, व्यवहार परिवर्तन और HWTS क्रियान्वयन को आसानी से सीख सकते है।

---

## सत्र परिणाम

**तालिका: प्रतिभागी के सत्र परिणाम और गतिविधियाँ**

अध्ययन के परिणामों से तात्पर्य यह है कि कार्यशाला के बाद प्रतिभागी व्यवहार, कौशल और ज्ञान वर्धन के द्वारा कितने अधिक सक्षम होंगे । इस मैनुअल के प्रत्येक पाठ योजना में दी गयी तालिका सीखने के परिणामों और गतिविधियों का एक व्यापक अवलोकन प्रदान करती है। साथ ही पाठ योजना में विस्तृत निर्देश और ट्रेनर टिप भी दी गयी है।

| विषय | # | पाठ योजना | सत्र परिणाम | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| अवलोकन | 1 | कार्यशाला का परिचय | • आयोजक संस्था के काम का वर्णन करें<br>• कार्यशाला के लिए एजेंडा बताएं<br>• कार्यशाला के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों की सूची बनाएं<br>• प्रतिभागी कार्यशाला से क्या सीखने की उम्मीद करते हैं इसपर चर्चा करें<br>• कार्यशाला के विषयों पर उनके वर्तमान ज्ञान का मूल्याङ्कन करें | • स्वागत और अवलोकन: परिचय<br>• आइसब्रेकर गतिविधि: एक दूसरे को जानना<br>• ग्रुप मंथन: ग्राउंड रूल्स (सामूहिक सहमति)<br>• सेल्फ असेसमेंट: स्व-मूल्याङ्कन<br>• चर्चा: सीखने की उम्मीदें |
| सुरक्षित पेयजल और एच डब्ल्यू टी एस | 2 | सुरक्षित पेयजल | • बताएं कि सुरक्षित पेयजल क्यों महत्वपूर्ण है<br>• सुरक्षित पेयजल को परिभाषित करें<br>• सभी के लिए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के साथ कुछ चुनौतियों का वर्णन करें<br>• यह समझाइए कि WASH के अन्य स्तंभों के साथ सुरक्षित पेयजल क्यों जोड़ा जाना चाहिए | • मंथन: परिचय<br>• प्रस्तुति: सुरक्षित पेयजल का महत्व<br>• प्रश्नोत्तरी: सुरक्षित पेयजल सांख्यिकी (वैकल्पिक)<br>• समस्या वृक्ष (Problem Tree): चुनौतियाँ<br>• समूह कार्य: स्वस्थ घरों के लिए WASH<br>• कार्यपुस्तिका: समीक्षा |
| | 3 | एच डब्ल्यू टी एस: यह क्या है और यह कब प्रभावी है? | • एच डब्ल्यू टी एस को परिभाषित करें<br>• सर्वोच्च स्वास्थ्य लाभ हेतु एच डब्ल्यू टी एस के लिए आवश्यक शर्तों का वर्णन करें<br>• एच डब्ल्यू टी एस के सही, एक सामान और निरंतर उपयोग के लिए संभावित बाधाओं को सूचीबद्ध करें | • चर्चा: परिचय<br>• प्रस्तुति: एच डब्ल्यू टी एस को परिभाषित करना<br>• प्रस्तुति: एच डब्ल्यू टी एस और स्वास्थ्य, 3 Cs<br>• ग्रुप डिस्कशन: 3 Cs (वैकल्पिक)<br>• वाद-विवाद: एच डब्ल्यू टी एस बनाम सामुदायिक जल उपचार (वैकल्पिक)<br>• कार्यपुस्तिका: समीक्षा |

| विषय | # | पाठ योजना | सत्र परिणाम | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| | 4 | सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा | • स्पष्ट करें: MDG और SDG के तहत पीने का पानी कैसे परिभाषित और मूल्यांकित किया जाता है<br>• बताएं कि एच डब्ल्यू टी एस SDG में कैसे योगदान देता है<br>• एच डब्ल्यू टी एस (वैकल्पिक) से संबंधित स्थानीय सरकारी मानकों या नियमों का वर्णन करें | • परिदृश्य: परिचय<br>• लघु समूह चर्चा: MDG, SDG, पानी सम्बंधित मानवाधिकार<br>• मानचित्रण गतिविधि: एच डब्ल्यू टी एस और SDG<br>• प्रस्तुति: स्थानीय मानक और विनियम (वैकल्पिक)<br>• रोल प्ले: समीक्षा |
| जल सुरक्षा और मल्टी-बैरियर एप्रोच | 5 | जल सुरक्षा को जोखिम | • पानी की आपूर्ति प्रणाली को परिभाषित करें<br>• जल आपूर्ति प्रणाली के साथ जल सुरक्षा के लिए जोखिमों की पहचान करें | • समूह चर्चा: परिचय<br>• समूह चर्चा: जल आपूर्ति प्रणाली को परिभाषित करना<br>• चित्रण: पानी की आपूर्ति प्रणाली<br>• समूह मंथन: जल आपूर्ति प्रणाली के साथ जल सुरक्षा के लिए जोखिमों की पहचान<br>• कार्यपुस्तिका: समीक्षा |
| | 6 | पेयजल की गुणवत्ता | • पानी से संबंधित बीमारियों को रोकने के` तरीके बताएं<br>• विषाणुओं के 4 विभिन्न समूहों को सूचीबद्ध कर वर्णन करें<br>• आम रासायनिक पदार्थों को सूचीबद्ध कर वर्णन करें<br>• पीने के पानी की स्वीकार्यता को प्रभावित करने वाले तत्वों पर चर्चा करें | • मंथन: परिचय<br>• प्रस्तुति: पीने के पानी की गुणवत्ता के पहलू<br>• प्रस्तुति और रोल प्ले: माइक्रोबायोलॉजिकल और रासायनिक पहलू<br>• मिलो और अभिवादन करो: रोग प्रोफाइल (वैकल्पिक)<br>• प्रस्तुति: स्वीकार्यता और रेडियोलॉजिकल पहलू<br>• कार्यपुस्तिका : समीक्षा |
| | 7 | मल्टी-बैरियर एप्रोच | • समझाएं कि मल्टी-बैरियर एप्रोच क्यों महत्वपूर्ण है<br>• मल्टी-बैरियर एप्रोच में 6 बाधाओं का उदाहरण दे कर उन्हें सूचीबद्ध करें<br>• मल्टी-बैरियर एप्रोच के भीतर फिट होने वाले घरेलू स्तर के समाधानों को पहचानें | • विज़ुअलाइज़ेशन और चर्चा: परिचय<br>• छोटा समूह मंथन: बाधाओं की पहचान करना<br>• प्रस्तुति: मल्टी-बैरियर एप्रोच<br>• छँटाई गतिविधि: बाधाओं की<br>• चर्चा: बाधाओं को वरीयता के क्रम में सूचीबद्ध करना<br>• कार्यपुस्तिका: समीक्षा |
| | वैकल्पिक 1 | एच डब्ल्यू टी एस और जल सुरक्षा योजना | • जल सुरक्षा योजना को परिभाषित करना<br>• छोटे समुदायों के लिए जल सुरक्षा योजना की प्रक्रिया का वर्णन करें<br>• बताएं कि एच डब्ल्यू टी एस और जल सुरक्षा योजना एक दूसरे के लिए कैसे सहायक हैं | • चर्चा: परिचय<br>• प्रस्तुति: जल सुरक्षा योजना के चरण<br>• जोड़े-बनाना: जल सुरक्षा योजना और एच डब्ल्यू टी एस<br>• व्यक्तिगत विचार: समीक्षा |

| विषय | # | पाठ योजना | सत्र परिणाम | गतिविधि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| एच डब्ल्यू टी एस विकल्प | 8 | सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्प | • बताएं कि एच डब्ल्यू टी एस प्रणाली में सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) कब आवश्यक है<br>• प्रदर्शित करें: कोअगुलेंट के साथ और बिना, पानी का सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) कैसे होता है<br>• चयनित सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्पों के फायदे और नुकसान का आकलन करें | • प्रदर्शन: परिचय<br>• जोड़ी में चर्चा : सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) क्यों?<br>• चर्चा: सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) कैसे करें<br>• वर्क स्टेशन: सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्प<br>• मैट्रिक्स: सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्प और रोग (वैकल्पिक)<br>• चर्चा: समीक्षा |
| | 9 | फिल्ट्रेशन विकल्प | • वर्णन करें: फिल्ट्रेशन पानी से कणों को कैसे निकालता है<br>• प्रकाश डालें: छिद्र का आकार फ़िल्टर की कार्य-दक्षता को कैसे प्रभावित करता है<br>• चयनित फिल्टरों का उपयोग करके पानी का फिल्ट्रेशन प्रदर्शित करें<br>• चयनित घरेलू पानी फिल्टर के फायदे और नुकसान का आकलन करें | • प्रदर्शन: परिचय<br>• भौतिक कार्यकलाप: छिद्र आकार<br>• स्टेशन कार्य: फ़िल्टर विकल्प<br>• मैट्रिक्स: फ़िल्टर विकल्प और रोग (वैकल्पिक)<br>• प्रचार विज्ञापन: समीक्षा |
| | 10 | डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प | • मल्टी-बैरियर एप्रोच के भीतर पानी डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) की भूमिका का वर्णन करें<br>• बताएं कि आम घरेलू पानी डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विधियों का उपयोग कैसे करें<br>• चयनित डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विधियों के फायदे और नुकसान का आकलन करें | • चर्चा: परिचय<br>• स्टेशन कार्य: डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प<br>• मैट्रिक्स: डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प और रोग (वैकल्पिक)<br>• मैंने क्या सीखा, मुझे क्या आश्चर्य हुआ: समीक्षा करें |
| | 11 | सुरक्षित भंडारण और जल प्रयोग व्यवहार (हैंडलिंग) | • सुरक्षित जल भंडारण के महत्व को समझाएं<br>• एक सुरक्षित जल भंडारण बर्तन की विशेषताओं को सूचीबद्ध करें<br>• एक भंडारण बर्तन को साफ करने के तरीके का प्रदर्शन करें<br>• सुरक्षित जल प्रयोग व्यवहार (हैंडलिंग) एवं प्रथाओं का वर्णन करें | • चर्चा: परिचय<br>• चर्चा कर क्रमबद्ध करना: सुरक्षित भंडारण बर्तनों के लिए मापदंड<br>• मंथन: सुरक्षित जल प्रयोग व्यवहार (हैंडलिंग)<br>• प्रदर्शन: भंडारण बर्तनों की सफाई<br>• जोड़ी में चर्चा : समीक्षा |

| विषय | # | पाठ योजना | सत्र परिणाम | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| | वैकल्पिक 2 | क्लोरीन उपचार | • बताएं कि क्लोरीन पानी को कीटाणुमुक्त कैसे करता है<br>• विभिन्न क्लोरीन उत्पादों की तुलना करे<br>• दिए गए परिदृश्यों के लिए एक उपयुक्त क्लोरीन मात्रा की गणना करें | • अनुभव साझा करना: परिचय<br>• मंथन और प्रस्तुति: क्लोरीन उत्पादों के प्रकार<br>• जोड़ी कार्य और प्रस्तुति: क्लोरीन की कार्य-विधि<br>• अभ्यास परिदृश्य: क्लोरीन मात्रा का निर्धारण<br>• रोल प्ले: समीक्षा |
| | वैकल्पिक 3 | घरेलू मेम्ब्रेन फिल्टर | • बताएं कि मेम्ब्रेन फिल्टर क्या हैं<br>• विभिन्न मेम्ब्रेन फिल्टर कार्टेज और सेटअप का वर्णन करें<br>• मेम्ब्रेन फिल्टर की कुछ सीमाओं का वर्णन करें | • चर्चा: परिचय<br>• प्रस्तुति: मेम्ब्रेन फिल्टर<br>• प्रस्तुति: आधार और सीमाएँ (considration & limitation)<br>• समूह चर्चा: समीक्षा |
| एच डब्ल्यू टी एस अमल | 12 | एच डब्ल्यू टी एस विकल्प का चयन | • मापदंड सूची: एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों के चयन हेतु मार्गदर्शन<br>• बताएं कि विभिन्न उपयोगकर्ता समूह अलग-अलग मापदंड को क्यों प्राथमिकता देते हैं<br>• दिए गए परिदृश्य के लिए एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों का चयन करने के लिए एक प्रक्रिया का सुझाव दें | • परिदृश्य: परिचय<br>• जोड़ी में चर्चा और प्रस्तुति: एच डब्ल्यू टी एस चयन के लिए मापदंड और प्रक्रिया<br>• परिदृश्य: एच डब्ल्यू टी एस विकल्प चयन<br>• कार्यपुस्तिका: समीक्षा |
| | 13 | व्यवहार परिवर्तन और एचडब्ल्यूटीस | • व्यवहार परिवर्तन को प्रभावित करने वाली बाधाओं का वर्णन करें<br>• परिवारों को एच डब्ल्यू टी एस का सही, निश्चित और निरंतर उपयोग अपनाने के लिए रणनीति बनाना | • चर्चा: परिचय<br>• प्रस्तुति: व्यवहार परिवर्तन क्या है?<br>• वर्गीकरण: व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारक<br>• समूह में विचार मंथन: व्यवहार परिवर्तन का समर्थन करना<br>• व्यक्तिगत विचार: समीक्षा |
| | 14 | एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन | • एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन के लिए आवश्यक घटकों की सूची बनाएं<br>• बताएं कि प्रत्येक घटक महत्वपूर्ण क्यों है<br>• दिए गए एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन मामले के अध्ययन में प्रयुक्त पद्धति का विश्लेषण करें | • जोड़ी में चर्चा : परिचय<br>• प्रस्तुति: कार्यान्वयन के घटक<br>• केस स्टडी विश्लेषण: कार्यान्वयन उदाहरण<br>• गेंद को पास करें: समीक्षा करें |

| विषय | # | पाठ योजना | सत्र परिणाम | गतिविधि |
|---|---|---|---|---|
| | 15 | जल गुणवत्ता परीक्षण | • चर्चा करें कि जल गुणवत्ता परीक्षण सफल एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन में कैसे योगदान देता है<br>• सामान्य जल गुणवत्ता मानकों के लिए परीक्षण करने का तरीका बताएं<br>• किसी दिए गए परिदृश्य के लिए प्राथमिकता तय करने के लिए मानदंड तय करें | • चर्चा: परिचय<br>• चर्चा: क्या परीक्षण करें?<br>• प्रस्तुति और प्रदर्शन: स्वीकार्यता मानदंड<br>• प्रस्तुति और वैकल्पिक प्रदर्शन: माइक्रोबायोलॉजिकल मानदंड<br>• प्रस्तुति: रासायनिक मानदंड<br>• परिदृश्य: क्या परीक्षण करें? (वैकल्पिक)<br>• प्रश्नोत्तरी: समीक्षा |
| अवलोकन | 16 | कार्यशाला समापन | • कार्यशाला के विषयों में प्रतिभागियों के ज्ञानवर्धन का आकलन करें<br>• उन्होंने जो सीखा, उसकी समीक्षा करें<br>• बताइए कि अतिरिक्त जानकारी कहाँ मिलेगी<br>• कार्यशाला का मूल्यांकन करें | • समूह चर्चा: परिचय और पार्किंग लॉट समीक्षा<br>• स्व-मूल्यांकन: रेटिंग<br>• माइंड मैप: अवधारणा समीक्षा (concept review) कॉन्सेप्ट रिव्यू<br>• व्यक्तिगत / समूह कार्य: कार्य योजना<br>• प्रमाण पत्र, समूह फोटो और गतिविधि: कार्यशाला के गतिविधियों की सराहना<br>• व्यक्तिगत विचार: कार्यशाला मूल्यांकन |

**व्यावहारिक परिणाम**

कार्यशाला के बाद, प्रतिभागियों को इन सब में सक्षम होना चाहिए:

- सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की दिशा में प्रगति का समर्थन करने के लिए एच डब्ल्यू टी एस की वकालत करना
- उचित एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों का चयन करने के लिए समुदाय के सदस्यों के साथ काम करना
- WASH कार्यक्रमों और व्यवसायों में उपयुक्त एच डब्ल्यू टी एस विकल्प शामिल करना
- कार्यान्वयन रणनीति जो एच डब्ल्यू टी एस पहल के 6 घटकों पर विचार करना
- एच डब्ल्यू टी एस के सही, निश्चित और निरंतर उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए व्यवहार परिवर्तन रणनीतियों का उपयोग करना

---

**कार्यसूची**

कार्यशाला की सामान्य रूपरेखा निम्नानुसार है:

- **कार्यशाला का परिचय**: प्रारंभिक पाठ प्रतिभागियों और प्रशिक्षकों को एक दूसरे को जानने, विषयों की वर्तमान जानकारी के स्तर का मूल्याङ्कन करने और उनकी अपेक्षाओं पर चर्चा।
- **पाठ**: प्रत्येक पाठ में आवश्यक सामग्री व पठन सामग्री सूचीबद्ध की गयी है और ट्रेनर द्वारा विषय का परिचय देने के लिए, प्रतिभागियों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने में मदद और साथ ही उनके द्वारा अर्जित ज्ञान की समीक्षा करने के लिए गतिविधिओं का समावेश किया गया है।

- **ब्रेक और लंच**: लोगों को काम करने और ग्राह्यता को सकारात्मक बनाये रखने के लिए, ब्रेक की आवश्यकता होती है। इसके लिए चाय व भोजन अंतराल की योजना बनाएं।
- **दैनिक उद्घाटन**: दिन की शुरुआत पिछले दिन अध्ययन किये गये पाठ की समीक्षा के साथ करें, यह अभ्यास प्रतिभागियों की विषय की सीख और विषय-सामग्री की ग्राह्यता की समीक्षा करेगा (ट्रेनर इस विषय में मैनुअल के अंत में दिए गये समीक्षा टूल और प्रश्न देखें)।

- **दैनिक समापन**: प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया और सीखे गये विषयों से सम्बंधित सवाल पूछकर दिन का अंत करें। इस मैनुअल के अंत में सुझाई गई दैनिक मूल्यांकन गतिविधियाँ शामिल हैं।
- **कार्यशाला समापन**: प्रतिभागी कार्यशाला के अंत में अर्जित ज्ञान एवं दृष्टिकोण परिवर्तन के विषय में चर्चा एवं समीक्षा कर भविष्य के लिए कार्य-योजना तैयार कर प्रस्तुत करें ।
- **कार्यशाला मूल्यांकन**: प्रतिभागियों को कार्यशाला के गुण और दोषों के आकलन करने का अवसर देता है ताकि आगे की कार्यशालाओं में सुधार किया जा सके। ट्रेनर टूलकिट में टेम्पलेट देखें।
- **प्रशिक्षक पुनरावलोकन**: इस दैनिक अभ्यास से प्रशिक्षकों को यह चर्चा करने का अवसर मिलता है कि क्या अच्छा हुआ, दिन के किन क्षेत्रों में सुधार किया सकता है और अगले दिन और भविष्य में क्या करने की आवश्यकता है।

---

**<u>सैंपल एजेंडा</u>**

कार्यशाला का एजेंडा प्रतिभागियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग होगा। CAWST की सिफारिश है कि प्रशिक्षक प्रत्येक कार्यशाला के लिए प्रतिभागियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एजेंडा को संशोधित करें। सैंपल एजेंडा निम्नलिखित पृष्ठों पर दी गयी हैं।

प्रशिक्षकों को इन पाठों को अन्य CAWST कार्यशालाओं (www.resources.cawst.org पर उपलब्ध) जैसे प्रासंगिक पाठों के साथ जोड़कर अपनी स्वयं की कार्यसूची बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है:

- पीने के पानी की गुणवत्ता परीक्षण – इस कार्यशाला से उन पाठों या गतिविधियों का उपयोग करें, जो प्रतिभागियों को विभिन्न जल गुणवत्ता मापदंडों के लिए परीक्षण का अभ्यास करना चाहते हैं।
- कम्युनिटी वॉश प्रमोशन – इस कार्यशाला से पाठ या गतिविधियों का उपयोग उन प्रतिभागियों की मदद करने के लिए करें जो एच डब्ल्यू टी एस के उपयोग और मॉनिटरिंग के लिए घर-घर जा कर काम करते हैं।

## 3- दिन की कार्यसूची

स्टैण्डर्ड कार्यशाला एजेंडा। कुछ पाठ लंबे या छोटे हो सकते हैं, यह निर्भर करता है कि कितनी वैकल्पिक गतिविधियाँ शामिल हैं।

| | **दिन 1** | **दिन 2** | **दिन 3** |
|---|---|---|---|
| 9-10:30 | कार्यशाला का परिचय (50 मिनट)<br>सुरक्षित पेयजल (55-70 मिनट) | प्रारंभिक गतिविधि (15 मिनट)<br>मल्टी-बैरियर एप्रोच (70 मिनट) | प्रारंभिक गतिविधि (15 मिनट)<br>व्यवहार परिवर्तन (55 मिनट) |
| Break | | | |
| 10:45-12:00 | सुरक्षित पेयजल<br>एच डब्ल्यू टी एस: क्या और कब? (45-70 मिनट) | सेडीमेंटशन विकल्प (50-70 मिनट)<br>फिल्ट्रेशन विकल्प (70-80 मिनट) | एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन (85 मिनट) |
| Lunch | | | |
| 13:00-14:30 | सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा (65-75 मिनट)<br>जल सुरक्षा का जोखिम (45 मिनट) | फिल्ट्रेशन विकल्प<br>डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प (50-60 मिनट) | जल गुणवत्ता परिक्षण (45-80 मिनट) |
| Break | | | |
| 14:45-16:30 | पेयजल की गुणवत्ता (55-80 मिनट) समापन (5 मिनट) | सुरक्षित भंडारण और हैंडलिंग (35 मिनट)<br>एच डब्ल्यू टी एस विकल्प का चयन (50 मिनट) समापन (5 मिनट) | कार्यशाला समापन (85 मिनट) |

वैक

**2.5- दिन की का**

संक्षिप्त कार्यशाला एजें

योजना को छोटा करने की आवश्यकता हो सकती है।

**दिन 1** **दिन 2** **दिन 3**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9-10:30 | कार्यशाला का परिचय (50 मिनट)<br><br>सुरक्षित पेयजल (55 मिनट) | प्रारंभिक (15 मिनट)<br><br>मल्टी-बैरियर एप्रोच (continued) सेडीमेंटशन विकल्प (50 मिनट) | प्रारंभिक (15 मिनट)<br><br>एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन (85 मिनट) |
| Break | | | |
| 10:45-12:00 | सुरक्षित पेयजल (निरंतर) एच डब्ल्यू टी एस: क्या और कब? (45 मिनट) सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा (65 मिनट) | फिल्ट्रेशन विकल्प (70 मिनट) | जल गुणवत्ता परीक्षण (45 मिनट) कार्यशाला समापन (35 मिनट) |
| Lunch | | | |
| 13:00-14:30 | सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा (निरंतर)<br><br>जल सुरक्षा जोखिम (45 मिनट) | डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प (50 मिनट) सुरक्षित भंडारण और हैंडलिंग (35 मिनट) | |
| Break | | | |
| 14:45-16:30 | पेयजल की गुणवत्ता (55 मिनट) मल्टी-बैरियर एप्रोच (70 मिनट)<br><br>समापन (5 मिनट) | एच डब्ल्यू टी एस विकल्प का चयन (50 मिनट) व्यवहार परिवर्तन (55 मिनट)<br><br>समापन (5 मिनट) | |

### 3.5- दिन की कार्यसूची

विस्तारित कार्यसूची: सभी वैकल्पिक गतिविधियां और पाठ शामिल हैं।

| | दिन 1 | दिन 2 | दिन 3 | दिन 4 |
|---|---|---|---|---|
| 9-10:30 | कार्यशाला का परिचय (50 मिनट)<br>सुरक्षित पेयजल (70 मिनट) | प्रारंभिक गतिविधि (15 मिनट)<br>मल्टी-बैरियर एप्रोच (70 मिनट) | प्रारंभिक गतिविधि (15 मिनट)<br>एच डब्ल्यू टी एस विकल्प का चयन (50 मिनट) व्यवहार परिवर्तन (55 मिनट) | प्रारंभिक गतिविधि (15 मिनट)<br>एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन (85 मिनट) |
| Break | | | | |
| 10:45-12:00 | सुरक्षित पेयजल<br>एच डब्ल्यू टी एस: क्या और कब? (70 मिनट) | सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्प (70 मिनट) | क्लोरीन उपचार (75 मिनट) | कार्यशाला समापन (85 मिनट) |
| Lunch | | | | |
| 13:00-14:30 | सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा (75 मिनट)<br>जल सुरक्षा को जोखिम (45 मिनट) | फिल्ट्रेशन विकल्प (80 मिनट) | घरेलू मेम्ब्रेन फिल्टर (40 मिनट)<br>जल सुरक्षा योजना और एच डब्ल्यू टी एस (40 मिनट) | |
| Break | | | | |
| 14:45-16:30 | जल सुरक्षा को जोखिम<br>पेयजल की गुणवत्ता (80 मिनट)<br>समापन (5 मिनट) | डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प (60 मिनट) सुरक्षित भंडारण और जल प्रयोग व्यवहार (हैंडलिंग) (35 मिनट)<br>समापन (5 मिनट) | जल गुणवत्ता परीक्षण (80 मिनट)<br>समापन (5 मिनट) | |

## 2- दिन की कार्यसूची

संक्षिप्त कार्यशाला एजेंडा, एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों और पीने के पानी की गुणवत्ता और एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन पर केंद्रित कर विस्तार से चर्चा कर रहा है। इस एजेंडा में पाठ योजना के आरम्भ और समापन करने, और सभी वैकल्पिक गतिविधियों को छोड़ने की आवश्यकता है।

| | दिन 1 | दिन 2 |
|---|---|---|
| 9-10:30 | कार्यशाला का परिचय (30 मिनट) सुरक्षित पेयजल (55 मिनट) | प्रारंभिक (15 मिनट) फिल्ट्रेशन विकल्प (70 मिनट) |
| Break | | |
| 10:45-12:00 | एच डब्ल्यू टी एस: क्या और कब? (45 मिनट) जल सुरक्षा को जोखिम (45 मिनट) | डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) विकल्प (50 मिनट) सुरक्षित भंडारण और जल प्रयोग व्यवहार (हैंडलिंग) (35 मिनट) |
| Lunch | | |
| 13:00-14:30 | मल्टी-बैरियर एप्रोच (70 मिनट) | एच डब्ल्यू टी एस विकल्प का चयन (50 मिनट) व्यवहार परिवर्तन (55 मिनट) |
| Break | | |
| 14:45- | सेडीमेंटशन (तलछटीकरण) विकल्प (50 मिनट) | व्यवहार परिवर्तन (निरंतर) |
| 16:30 | समापन (5 मिनट) | कार्यशाला समापन (35 मिनट) |

सुझाई गई भिन्नता: एक दोपहर के पाठ में सेडीमेंटशन (तलछटीकरण), फिल्ट्रेशन और डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) सबक को मिलाएं (एक ही पाठ के भीतर सभी तीनों के लिए स्टेशन हैं)। पाठ योजना जोड़ें: दूसरी सुबह एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन।

### गतिविधियों का अवलोकन 50 मिनट

1. स्वागत और अवलोकन: परिचय

2. आइसब्रेकर गतिविधि: एक दूसरे को जानना
3. ग्रुप मंथन: ग्राउंड रूल्स
4. स्व-मूल्यांकन: रेटिंग
5. चर्चा: सीखने की उम्मीदें

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी सक्षम होंगे:

1. मेजबान/ आयोजक/संयोजक संस्था के कार्य की जानकारी
2. कार्यशाला के एजेंडे के विषय में
3. कार्यशाला के दौरान पालन किए जाने वाले अनुशासन
4. कार्यशाला से सीखने की अपेक्षाओं की सूचि
5. कार्यशाला के विषयों के बारे में उनके वर्तमान ज्ञान को जानें

### सामग्री

- ☐ नाम पत्रिका
- ☐ प्रतिभागी कार्यपुस्तिका
- ☐ पेन ,पेंसिल ,स्केच पेन ,फ्लिप चार्ट,
- ☐ कार्यशाला एजेंडा
- ☐ निम्नलिखित शीर्षक लिखे हुए चार्ट
  - सुरक्षित पेय जल मेरे लिए महत्वपूर्ण है क्यूँ की......
  - सामूहिक सहमति
  - पार्किंग लोट
  - कार्यशाला से अपेक्षाएं

### अनुशंसित पाठ

- ☐ ट्रेनर के लिए आवश्यक: एक प्रभावी कार्यशाला की गुण

CAWST

## स्वागत और अवलोकन: परिचय

(10 मिनट)

1. अपना, सभी अन्य प्रशिक्षकों, और विशेष मेहमान का परिचय दें।
2. अपनी संस्था और CAWST का परिचय दें।
3. प्रशिक्षण का परिचय दें: आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली विधियों और प्रतिभागियों की अपेक्षाओं पर चर्चा करें।
4. दिन के एजेंडे की समीक्षा करें। प्रतिभागियों से पूछें कि क्या उन्हें कार्यशाला के लिए निश्चित समय के बारे में कोई समस्या है। प्रतिभागियों के सुझाव और सुविधा के अनुसार, यदि आवश्यक हो, तो आवश्यक समायोजन करें।

5. वर्कशॉप लॉजिस्टिक्स पर चर्चा करें, जिसमें बिल्डिंग लेआउट, बाथरूम का स्थान और प्राथमिक चिकित्सा तक कैसे पहुँचें।

**प्रमुख बिंदु**

- यह कार्यशाला घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण (एच डब्ल्यू टी एस) का एक परिचय है। साथ ही निम्नलिखित विषयों की मूल अवधारणायें शामिल की जा रही है: पीने के पानी की गुणवत्ता, मल्टी बैरियर एप्रोच, एच डब्ल्यू टी एस विकल्प और एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन। इस कार्यशाला में इन विषयों पर बहुत विस्तार से चर्चा नहीं होगी।
- इस कार्यशाला में सहभागी गतिविधिओं के माध्यम से अध्ययन करेंगे है। छोटे-छोटे समूहों में बहुत से कार्यकलाप किये जायेंगे। कार्यशाला की सफलता सहभागियों की इनमे भागीदारी पर निर्भर करती है।
- कमरे में सभी सहभागी, ट्रेनर सहित, सीखने और सिखाने के लिए चीजें हैं।

## आइसब्रेकर गतिविधि : आपसी जान-पहचान (10 मिनट)

1. प्रतिभागी अपने विषय में निम्न जानकारी एक पर्ची पर लिख कर देंगे

- अपना नाम
- उनके लिए सुरक्षित पेयजल क्यों महत्वपूर्ण है
- अपने विषय में एक मजेदार तथ्य

1. ट्रेनर इन पर्चिओं को फेंट कर सभी प्रतिभागी में बाँट देंगे
2. सहभागी अपने दूसरे साथी को पर्ची पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानेगे और उनके बारे में और जानकारी आपसी चर्चा से हासिल करेंगे जिससे वह बाकी सहभागियों को उनका विस्तृत परिचय दे सकेंगे।
3. जैसा कि प्रतिभागियों ने उल्लेख किया है कि उनके साथियों के लिए सुरक्षित पेयजल महत्वपूर्ण है, ट्रेनर फ्लिप चार्ट " सुरक्षित पेय जल मेरे लिए महत्वपूर्ण है क्यूँ कि ...... " पर उन कारणों को लिखें

## ग्रुप मंथन: अनुशासन सहमति (5 मिनट)

1. समझाएं: "अब जब हम सभी एक-दूसरे को जानते हैं, तो तय करें कि हम इस सप्ताह कैसे एक साथ काम करेंगे।"
2. बताएं कि **सामूहिक सहमति**, समूह द्वारा बनाया गया एक अनुशासन सम्बंधित समझौता है जो सभी को कार्यशाला के दौरान एक साथ सीखने में सहायता करेगा।
3. प्रतिभागियों से उनके पिछले प्रशिक्षण या सीखने के अनुभवों को सोचने के लिए कहें। पूछें: "उन अनुभवों में अनुशासन ने कैसे प्रशिक्षण को सकारात्मक या नकारात्मक बनाया? "
4. प्रतिभागियों के विचारों के आधार पर सभी के लिए सकारात्मक सीखने का माहौल बनाने के लिए सामूहिक अनुशासन के बिन्दुओं को सूचीबद्ध करें।
5. "सामूहिक सहमति" को ऐसी जगह पर रखें जहाँ इसे बाकी वर्कशॉप के लिए देखा जा सके।
6. "पार्किंग लॉट" फ्लिप चार्ट का खुलासा करें और बताएं कि समूह इसका उपयोग कैसे करेगा:

**ट्रेनर टिप**

सुनिश्चित करें कि हर कोई आपके द्वारा रिकॉर्ड किए गए सामूहिक सहमति के नियमों से सहमत है। उदाहरण के लिए: समय का पालन करना, सेल-फोन साइलेंट, और अन्य प्रतिभागियों के समय और योगदान का सम्मान करना।

- "पार्किंग लॉट" एक उपकरण है जिसका उपयोग समूह उन अनसुलझे प्रश्नों या विचारों पर ध्यानाकर्षण करने के लिए कर सकता है जो कार्यशाला की वर्तमान चर्चा के दायरे से बाहर हैं।
- फैसिलिटेटर वर्कशॉप के अंत में (या जब वर्कशॉप के दौरान उपयुक्त होगा) इन सवालों के जवाब देने या अतिरिक्त संसाधनों के लिए पार्किंग लॉट में वापस आएगा।

**स्व-मूल्यांकन** (10मिनट)

---

1. समझाएँ :"आपमें से प्रत्येक इस कार्यशाला में बहुमूल्य ज्ञान और अनुभव लाता है। अब हम एक छोटी सी गतिविधि करने जा रहे हैं जिसके द्वारा हम यह जानेगे कि कार्यशाला के विषयों पर हमारी कितनी जानकारी है।"
   - प्रतिभागियों को चार्ट पेपर पर दिए गये प्रश्नों पर अपनी जानकारी का मूल्याङ्कन कर नक़्शे पर अपनी स्थिति को दर्शायें

**ट्रेनर टिप**

आपके लिए यह देखना महत्वपूर्ण है कि प्रतिभागी प्रत्येक विषय के बारे में अपने वर्तमान ज्ञान या आत्मविश्वास के स्तर को कैसे निर्धारित करते हैं। यह ज्ञान आपको उस चीज़ को समायोजित करने में मदद करेगा जो आप बाद के पाठों में पूछते और सिखाते हैं। आज बाद में एक विराम पर, प्रतिभागियों से अपनी कार्य-पुस्तिकाओं में "स्व-मूल्यांकन" को अंकित करने के लिए कहें और अपनी कार्यपुस्तिकाओं को आप को सौंपने के लिए कहें, ताकि आप जो कुछ उन्होंने लिखा है, उसकी त्वरित समीक्षा कर सकें।

**चर्चा** (10 मिनट)

---

1. दर्ज की गई सीखने की अपेक्षाओं की सूची देखें। पूछें: "क्या कुछ और आप इस कार्यशाला में सीखना या पूरा करना चाहते हैं?" "लर्निंग एक्सपेक्टेशंस" फ्लिप चार्ट में उनके द्वारा उल्लेखित अतिरिक्त विचार जोड़ें।
2. प्रत्येक सीखने की अपेक्षा को, स्पष्ट रूप से समझाएं कि कौन- कौन से कार्यशाला में शामिल होंगे और इस कार्यशाला के दायरे से बाहर के विषयों के जानने के लिए आप प्रतिभागियों को कैसे सहायता करेंगे।

**गतिविधियों का अवलोकन**

1. मंथन: परिचय
2. प्रस्तुति: सुरक्षित पेयजल का महत्व
3. प्रश्नोत्तरी: सुरक्षित पेयजल आंकड़े
4. समस्या वृक्ष (problem tree): चुनौतियाँ
5. समूह कार्य : वाश (WASH) स्वस्थ घर का आधार (WASH for Healthy Homes)
6. कार्यपुस्तिका : समीक्षा

**सत्र परिणाम**

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी निम्न में सक्षम होंगे:

1. सुरक्षित पेयजल क्यों महत्वपूर्ण है
2. सुरक्षित पेयजल को परिभाषित करना
3. सभी के लिए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के साथ संलग्न कुछ चुनौतियाँ
4. वाश (WASH) के अन्य स्तंभों के साथ सुरक्षित पेयजल का सम्बन्ध

**सामग्री**

- पावरपॉइंट: सुरक्षित पेयजल
- मार्कर (1 सेट प्रति समूह)
- प्रॉब्लम ट्री चित्रित किया हुआ चार्ट पेपर
- WASH for Healthy Homes के प्रतीक

**अनुशंसित पाठ**

- संक्षिप्त तकनीकी विवरण: सुरक्षित पेयजलऔर वैश्विक विकास एजेंडा
- संक्षिप्त तकनीकी विवरण : घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भण्डारण (HWTS) कार्यान्वयन के लिए पीने के पानी की गुणवत्ता का परिचय

**विचार मंथन: परिचय** (5 मिनट)

इस परिचय के लिए "पावर पॉइंट: सुरक्षित पेयजल" का उपयोग करें

1. स्पष्ट करें: "सुरक्षित पेयजल एक महत्वपूर्ण विषय है, हम सभी यहाँ इस बारे में बात करने जा रहे हैं कि सुरक्षित पेयजल क्यों आवश्यक है।"

2. "सत्र परिणाम" स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें।

3. फ्लिप चार्ट पर सूची का संदर्भ लें जिसका शीर्षक है "मेरे लिए सुरक्षित पेयजल महत्वपूर्ण है क्योंकि ..." और इसी स्लाइड/चार्ट को प्रस्तुत करें। स्पष्ट करें: "जब आपने हमारे कार्यशाला के उद्‌घाटन में अपना परिचय दिया, तो आपने पहले ही इसके कारण साझा कर दिए थे कि आपके लिए सुरक्षित पेयजल क्यों पेयजल महत्वपूर्ण है|"

   *ट्रेनर टिप: यदि आपने एक अलग उद्‌घाटन गतिविधि की है, तो प्रतिभागियों को छोटे समूह बनाने और अपने कारणों को साझा करने के लिए कहें कि सुरक्षित पेयजल उनके लिए क्यों महत्वपूर्ण है ?*

4. पूछें: "क्या और कुछ है जो आप इस सूची में जोड़ना चाहेंगे?" जब तक प्रतिभागियों को सूची से संतुष्ट नहीं किया जाता है तब तक फ्लिप चार्ट में अतिरिक्त विचार जोड़ते रहें।

## प्रस्तुति: सुरक्षित पेयजल का महत्व (5 मिनट)

इस गतिविधि के लिए " पावर पॉइंट: सुरक्षित पेयजल" का उपयोग करें।

1. बताएं कि ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से सुरक्षित पेयजल महत्वपूर्ण है, जिसमें वे सभी कारण शामिल हैं जो पहले से सूचीबद्ध हैं।
2. पीने के पानी को सुरक्षित होने के 3 प्रमुख कारणों को संक्षेप में बताएं:
   - **स्वास्थ्य**: असुरक्षित पीने के पानी, मल व कचरे का अपर्याप्त/असुरक्षित निपटान और गंदगी (WASH: Water, Sanitation and Hygeine) के कारण हर दिन लगभग 1,000 बच्चे मर जाते हैं (Pruss-Usten, 2014)
   - **विकास और उन्नति**: बार-बार संक्रमण बच्चों की आंतों को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे वे पोषक तत्वों को अवशोषित करने और बढ़ने में कम सक्षम होते हैं।
   - **अवसरों का नुकसान**: जब स्वयं या परिवार के सदस्य बीमार होते हैं, तो लोग घर पर अधिक समय बिताते हैं जिससे वे काम पर या स्कूल नहीं जा सकते।

## प्रस्तुति: सुरक्षित पेयजल की परिभाषा (5मिनट)

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट: सुरक्षित पेयजल" का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों से कहें: "हमने पूरी सुबह सुरक्षित पीने के पानी के बारे में बात की, लेकिन हमने यह परिभाषित नहीं करा कि यह है क्या।"
2. पूछें: "सुरक्षित पेयजल क्या है? अगर पानी सुरक्षित या असुरक्षित है तो आप कैसे तय करेंगे?" उनके कुछ विचारों को रिकॉर्ड करें और फिर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ -WHO) की परिभाषा को प्रकट करें। स्पष्ट करें कि साधारण शब्दों में परिभाषा का क्या अर्थ है।
3. क्या प्रतिभागियों से कल्पना करने के लिए कहें कि वे एक हाउसहोल्ड विजिट कर रहे हैं। उनसे पूछें कि आप ये कैसे तय करेंगे कि घर का पेयजल सुरक्षित है? डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देशों और राष्ट्रीय मानकों की भूमिका पर संक्षिप्त चर्चा और व्याख्या करें।

*ट्रेनर टिप: मुख्य बिंदुओं का संदर्भ लें।*

4. प्रासंगिक होने पर स्थानीय मानकों का अवलोकन प्रदान करें।
5. बताएं कि इस कार्यशाला में हम जल को दूषित करने वाले कुछ पदार्थों के और उनके मापदंड के बारे में चर्चा करेंगे।

प्रमुख बिंदु

- पीने के पानी को सुरक्षित रखने के लिए, इसमें रसायनों और रोगजनक विषाणुओं की concentration सुरक्षित सीमा से कम होनी चाहिए ताकि इससे लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित करने की संभावना नहीं रहे, भले ही वे जीवन के नाजुक दौर (बचपन, गर्भावस्था, बुढ़ापा) में भी इस पानी का प्रयोग करें ।
- पानी की गुणवत्ता का परीक्षण, जो परिणाम प्रदान करता है जिसकी तुलना डब्ल्यूएचओ दिशानिर्देशों और राष्ट्रीय मानकों के साथ की जा सकती है, लोगों को यह तय करने में मदद कर सकता है कि क्या उनकी मात्रा सुरक्षित सीमा के नीचे है ।
- यदि परीक्षण करना महंगा है या करना मुश्किल है, तो लोग कभी-कभी अपने पानी के सुरक्षित होने को इस आधार पर निश्चित कर सकते हैं कि पीने के पानी का स्रोत, उपचार के तरीके, और पानी का संग्रहण और उसका भंडारण कैसे किया गया है।

## समूह प्रश्नोत्तरी: सुरक्षित पेयजल सांख्यिकी (वैकल्पिक) (15 मिनट)

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट: सुरक्षित पेयजल" या चार्ट का उपयोग करें।

1. स्पष्ट करें: "अब हमें इस बात की सामान्य समझ है कि क्यों पीने के लिए सुरक्षित पेयजल की आवश्यकता हैं, इस सन्दर्भ में हम कुछ आंकड़ों पर ध्यान देंगे।"
2. प्रतिभागियों को 4 के समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को एक टीम के नाम के साथ आने के लिए कहें। बताएं कि आप एक प्रश्न पूछेंगे और उन्हें आंकड़े का अनुमान लगाना होगा। जिसका उत्तर वास्तविक उत्तर के निकटतम होगा वह टीम एक अंक प्राप्त करेगी।
3. टीमों को बताएं कि आप उन्हें चर्चा के लिए 1 मिनट देंगे और प्रत्येक प्रश्न के उत्तर लिखेंगे। फिर आप प्रत्येक टीम से उसका उत्तर कहने के लिए कहेंगे, और फिर आप उन्हें सही उत्तर बताएंगे और निकटतम उत्तर वाली टीम को एक अंक देंगे।
4. निम्नलिखित प्रश्न पूछें (पावर पॉइंट स्लाइड पर दिखायें)

   - प्रश्न 1. "दुनिया में कितने लोग हैं जो दूषित पानी के स्रोत पर निर्भर करते हैं?"
     उत्तर- 1.8 बिलियन लोग (Bain et al, 2014)
   - प्रश्न 2. "दुनिया के कितने प्रतिशत लोग प्रबंधित सुरक्षित जल स्रोत का उपयोग करते हैं?

     " *ट्रेनर नोट : डब्ल्यूएचओ / यूनिसेफ द्वारा परिभाषित किया गया* प्रबंधित *सुरक्षित जल स्रोत वह है जो कि जरूरत पड़ने पर घर पर उपलब्ध है और विषाणुओं और प्राथमिकता वाले रसायनों से मुक्त है।*

     उत्तर: 71% (WHO/UNICEF 2017)
   - प्रश्न 3. "ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कितने प्रतिशत लोग पाइप जलापूर्ति का उपयोग करते हैं?"

उत्तर: 40% (शहरी सेटिंग्स में बनाम 80%) (WHO/UNICEF 2017)

- प्रश्न 4. "कितने लोग सतही जल स्रोतों (जैसे झीलों, तालाबों और नदियों) से सीधे पानी प्रयोग करते हैं?

  उत्तर: 159 मिलियन लोग, या दुनिया की आबादी का लगभग 2% (WHO/UNICEF 2017)


5. कम से कम बुनियादी सेवाओं का उपयोग करके आबादी के अनुपात के साथ दुनिया का नक्शा दिखाएं।
6. पूछें: "ये आँकड़े आपको कैसा महसूस कराते हैं?"
7. बता दें कि हालांकि दुनिया ने सुरक्षित पेयजल की बढ़ती पहुंच में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी भी सभी को सुरक्षित रूप से प्रबंधित जल प्राप्त करने के लिए एक लंबा रास्ता तय करना है।

**समस्या वृक्ष (problem tree): चुनौतियाँ**

(20 मिनट)

---

1. समझाएँ: "हम स्वास्थ्य और विकास के लिए सुरक्षित जल के महत्व को जानते हैं। फिर भी, अभी लाखों लोग हैं जिनके पास सुरक्षित पानी तक पहुंच नहीं है। अब हम इस समस्या के कुछ कारणों और परिणामों का पता लगाने जा रहे हैं।"



**ट्रेनर टिप**

प्रतिभागियों द्वारा सूचीबद्ध की जा सकने वाली समस्याओं के कुछ उदाहरण यहां दिए गए हैं:

- दूरस्थ समुदाय
- कृषि और औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि
- वित्तीय चुनौतियां
- सरकारी निष्क्रियता
- जलवायु परिवर्तन
- प्रोत्साहन या प्रशिक्षण का अभाव
- स्वच्छता सुविधाओं का अभाव

2. वैकल्पिक: यदि आप इस प्रक्रिया को स्थानीय रूप से प्रासंगिक बनाना चाहते हैं, तो स्थानीय संदर्भ में पानी और स्वच्छता की स्थिति के बारे में कुछ आंकड़े साझा करें। प्रतिभागियों से पूछें: "क्या ये आँकड़े सही हैं?" प्रासंगिक होने पर आँकड़ों के साथ किसी भी समस्या पर चर्चा करें। प्रतिभागियों से स्थानीय स्थिति की अपनी जानकारी साझा करने के लिए कहें कि क्यों यह सुरक्षित पेयजल पहुंच से संबंधित है।
3. प्रतिभागियों को 4-6 लोगों के समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को फ्लिप चार्ट पेपर का एक टुकड़ा दें, जिस पर एक समस्या वृक्ष (problem tree) अंकित हो। उन्हें पेड़ के तने पर "सुरक्षित पेयजल तक सीमित पहुंच" लिखने के लिए कहें।
4. प्रतिभागियों से उन समस्याओं पर मंथन करने के लिए कहें जिनके कारण समुदायों की सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सीमित है। उन्हें प्रत्येक समस्या को पेड़ की एक "जड़ों" के रूप में लिखने के लिए कहें।
5. समूहों को अपने पेड़ को दीवार पर लटकाने और अन्य समूहों द्वारा बनाए गए पेड़ों को देखने हेतु घूमने के लिए कहें।

6. समझाएँ: "अगले पाठों में, हम चर्चा करेंगे कि इनमें से कौन सी चुनौतियाँ को एच डब्ल्यू टी एस द्वारा संबोधित की जा सकती हैं।"

**ग्रुप वर्क: WASH: स्वस्थ घर का आधार** 'WASH for Healthy Homes' (15 मिनट)

---

इस गतिविधि के लिए "पावरपॉइंट: सेफ ड्रिंकिंग वॉटर" और स्वस्थ घर (हैल्दी होम) प्रतीकों को (पाठ का अंत) देखें।

1. स्पष्ट करें: "यह पाठ और इस कार्यशाला का अधिकांश भाग सुरक्षित पेयजल पर केंद्रित है। हालाँकि, पीने का सुरक्षित पानी WASH का केवल एक घटक है।"
2. पूछें: " वॉश क्या है?" प्रतिभागियों के जवाब के बाद, पावर पॉइंट स्लाइड पर पहले 3 प्रतीक दर्शायें और उनका स्पष्टिकरण दें और 3 प्रतीकों (पानी, सैनिटेशन और हाईजीन) को दीवार पर चिपकाएँ।
3. पूछें: "शोधकर्ता और कार्यान्वयनकर्ता अक्सर व्यक्तिगत रूप से संबोधित करने के बजाय समूह के रूप में इन वॉश घटकों पर ध्यान क्यों देते हैं?"
   - बीमारी को रोकने के लिए हर एक अपने आप में पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए, सभी 3 वॉश घटक समूह संयोजन में महत्वपूर्ण हैं।
4. स्लाइड पर अगले 3 प्रतीक दिखाएँ। प्रतिभागियों को यह बताने के लिए कहें कि वे प्रतीक क्या दर्शाते हैं। प्रतिभागियों के जवाब के बाद, अगले 3 वॉश घटकों (स्वच्छ वातावरण, सुरक्षित भोजन, साझा जिम्मेदारी) का वर्णन करें।
5. स्पष्ट करें: "'WASH for Healthy Homes' में सभी 6 घटक शामिल हैं/"

*ट्रेनर नोट: विभिन्न घटकों पर आगे की व्याख्या के लिए सामुदायिक वॉश संवर्धन स्वस्थ गृह निगरानी प्रपत्र देखें*



6. प्रतिभागियों को 5 समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह के लिए 1 प्रतीक और फ्लिप चार्ट पेपर का एक टुकड़ा सौंपें। सुरक्षित पेयजल प्रतीक को हाथ से न निकालें क्योंकि उस श्रेणी की चर्चा पहले ही हो चुकी थी।
7. समूहों से उनके फ्लिप चार्ट पेपर पर निम्नलिखित 2 प्रश्न लिखने और उनके विचारों पर चर्चा करने और रिकॉर्ड करने के लिए कहें:
   - 'WASH for Healthy Homes' का यह घटक क्यों महत्वपूर्ण है?
   - "इस घटक पर प्रगति करने के लिए एक घर क्या गतिविधियां कर सकता है?"
8. प्रत्येक समूह को अपने विचारों पर चर्चा करने और रिकॉर्ड करने के लिए 5 मिनट दें।
9. समूहों से उनकी चर्चा के कुछ प्रमुख बिंदुओं को साझा करने के लिए कहें। आवश्यकतानुसार उनके विचारों पर चर्चा करें।

**समीक्षा: कार्यपुस्तिका** (5 मिनट)

---

प्रतिभागियों से उनकी कार्यपुस्तिकाओं में निम्नलिखित सवालों के जवाब लिखने के लिए कहें:

- सुरक्षित पेयजल क्यों महत्वपूर्ण है?
- "WASH for Healthy Homes" के प्रत्येक घटक के लिए शीर्षक और 1 या 2 उदाहरण दें

| | |
|---|---|
|  | सुरक्षित पानी पीना |
|  | शौचालय का उपयोग |
|  | स्वच्छता |
|  | साफ वातावरण |
|  | सुरक्षित भोजन |
|  | साझा ज़िम्मेदारी |

## गतिविधियों का अवलोकन (45-70 मिनट)

1. चर्चा: परिचय
2. प्रस्तुति: एच डब्ल्यू टी एस को परिभाषित करना
3. प्रस्तुति: एच डब्ल्यू टी एस और स्वास्थ्य, 3 सी अवधारणा
4. समूह चर्चा: 3 सी अवधारणा (वैकल्पिक)
5. वाद-विवाद: एच डब्ल्यू टी एस बनाम सामुदायिक जल उपचार (वैकल्पिक)
6. कार्यपुस्तिका: समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. एच डब्ल्यू टी एस को परिभाषित करने में
2. एच डब्ल्यू टी एस के लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक 3 शर्तों का वर्णन करने
3. एच डब्ल्यू टी एस के सही, निश्चित और निरंतर उपयोग के लिए संभावित अवरोधों की जानकारी

### सामग्री

- ☐ पावरपॉइंट :एच डब्ल्यू टी एस क्या और कब?
- ☐ प्रतिभागियों को एच डब्ल्यू टी एस का उदाहरण दिखाने के लिए
- ☐ बड़े अक्षरों में लिखे "सही, निश्चित और निरंतर उपयोग के लिए" फ्लिप चार्ट पर लिखे

### अनुशंसित पाठ

- ☐ संक्षिप्त तकनीकी विवरण: घरेलू उपचार जल और सुरक्षित भंडारण (एच डब्ल्यू टी एस) का परिचय

## चर्चा: परिचय (5मिनट)

1. वैकल्पिक: इस परिचय के लिए " पावर पॉइंट: एच डब्ल्यू टी एस क्या और कब" का उपयोग करें। समझाएं: "अब जब हमने चर्चा की है कि सुरक्षित पेयजल क्यों महत्वपूर्ण है, तो हम चर्चा कर रहे

हैं कि एच डब्ल्यू टी एस क्या है और यह कब प्रभावी है।"

2. पूछें: "एच डब्ल्यू टी एस शब्द का आपके लिए क्या मतलब है? एच डब्ल्यू टी एस के साथ आपका पुराना अनुभव क्या है? "कुछ प्रतिभागियों को प्रतिक्रिया देने की अनुमति दें।
3. "सत्र परिणाम" स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें।

## प्रस्तुति :घरेलू जल उपचार को परिभाषित करना (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए " पावर पॉइंट: एच डब्ल्यू टी एस क्या और कब" का उपयोग करें।

1. अब हम कुछ परिभाषाओं के बारे में बात करेंगे।"
2. पूछे "जल उपचार क्या है?"
   - पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रिया
3. प्रतिभागियों से जल उपचार के कुछ उदाहरणों के बारे में पूछें। फिर, कुछ सामुदायिक-स्तर और घरेलू स्तर के उदाहरण दें।
4. पिछले पाठ से "प्रॉब्लम ट्री" का संदर्भ लें। पूछें: "क्या जल उपचार इन सभी समस्याओं का समाधान कर सकता है?"
   - जल उपचार केवल जल गुणवत्ता को संबोधित करता है। यह सुरक्षित पानी तक पहुँच या विश्वसनीयता से संबंधित मुद्दों को पूरी तरह से संबोधित नहीं कर सकता है।

*"ट्रेनर टिप: पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए जल उपचार एक महत्वपूर्ण तरीका है। लेकिन नीति, नियम, न्यायसंगत पहुंच और मॉनिटरिंग में सुधार के लिए अन्य उपायों की आवश्यकता है।"*

5. पूछें "घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण क्या है?"
   - जल उपचार और भंडारण का कोई भी रूप जो घरेलू स्तर पर होता है (जिसे Point of use के रूप में भी जाना जाता है)
6. एच डब्ल्यू टी एस का उदाहरण दें। यदि संभव हो, तो कुछ भौतिक वस्तुएं दिखाएं, जैसे क्लोरीन की बोतलें और फिल्टर। बता दें कि सामुदायिक एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों पर बाद में विस्तार से चर्चा करेंगे ।

## प्रस्तुति: एच डब्ल्यू टी एस और स्वास्थ्य,3सी अवधारणा (10 -15 मिनट)

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट: एच डब्ल्यू टी एस क्या और कब" का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों को याद दिलाएं कि पानी की गुणवत्ता स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्हें बताएं: "इसलिए, पानी की गुणवत्ता के उपचार से स्वास्थ्य लाभ होना चाहिए।"
2. पूछें: "क्या स्वास्थ्य में सुधार के लिए एच डब्ल्यू टी एस प्रभावी है?" कुछ प्रतिभागियों को अपने विचारों को साझा करने की अनुमति दें।
3. पावर पॉइंट स्लाइड प्रस्तुत करें जो एच डब्ल्यू टी एस के प्रयोग से लोगों में दस्त की कमी को दर्शाता है। प्रतिभागियों को बताएं कि कार्यशाला में प्रत्येक एच डब्ल्यू टी एस विकल्प पर बाद में विस्तार में चर्चा की जाएगी।
4. पावरपॉइंट स्लाइड प्रस्तुत करें जो विभिन्न जल स्रोतों के लिए एच डब्ल्यू टी एस के स्वास्थ्य प्रभावों को दर्शाता है। यदि आवश्यक हो, तो उपचारित और अनुपचारित पानी को परिभाषित करें।
5. प्रतिभागियों को बताएं की अध्ययनों में पाया गया है कि एच डब्ल्यू टी एस लोगों को दस्त से कैसे बचाता है। प्रतिभागियों से पूछें की ऐसा क्यों है? डायरिया को प्रभावी रूप से कम करने के लिए एच डब्ल्यू टी

एस के लिए कौन से कारक आवश्यक हैं? "प्रतिभागियों के सामने उनके कुछ विचारों को फ्लिप चार्ट पर लिखें।

6. एच डब्ल्यू टी एस को प्रभावी बनाने के बारे में पावर पॉइंट स्लाइड प्रस्तुत करें। प्रत्येक बिंदु का वर्णन करें:
   - विषाणु के खिलाफ एच डब्ल्यू टी एस विधि प्रभावी होनी चाहिए।
   - एच डब्ल्यू टी एस पद्धति, अतिसंवेदनशील लोगों (जैसे छोटे बच्चे, गर्भवती महिला और अन्य लोग जिनकी असुरक्षित पानी से बहुत बीमार होने की संभावना होती हैं) के लिए सुलभ होनी चाहिए।
   - एच डब्ल्यू टी एस विधि का प्रयोग सही, निश्चित और निरंतर उपयोग किया जाना चाहिए।
7. प्रत्येक 3 सी अवधारणा के अर्थ और महत्व को उजागर करने के लिए अतिरिक्त पावर पॉइंट स्लाइड्स का उपयोग करें:
   - **सही**: सर्वोत्तम प्रथाओं या निर्माता के निर्देशों का पालन करते हुए हाउसहोल्ड एक उपयुक्त HWTS प्रणाली (दिए गए जल स्रोत के लिए) का उपयोग करता है।
   - **निश्चित**: घर के सभी सदस्य हमेशा दिन के सभी समय और सभी मौसमों के दौरान उपचारित पानी का हीं उपयोग करते हैं।
   - **निरंतर**: घर के सभी सदस्य लंबे समय तक उपचारित पानी का उपयोग करते हैं (किसी भी स्थिति में तो वे उपयोग बंद नहीं करते हैं)।
8. फ्लिप चार्ट पेपर को दीवार पर "**सही, निश्चित और निरंतर**" शब्दों को साथ लिखकर चिपकाएँ, यह कार्यशाला के बाकी समय के लिए रह सकता है। बताएं कि यह एक मूल अवधारणा है।
9. वैकल्पिक: **सही, निश्चित और निरंतर** उपयोग को परिभाषित करने के लिए अतिरिक्त पावर पॉइंट स्लाइड्स का उपयोग करें, और गलत, असंगत, के उदाहरण दिखाएं

**मुख्य बिंदु**

यदि आप स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, HWTS कार्यान्वियन का लक्ष्य लोगों को एक उपयुक्त और प्रभावी तकनीक के सही, निश्चित और निरंतर उपयोग होना चाहिए।

**समूह चर्चा: 3 सी अवधारणा (वैकल्पिक)** (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए " पावर पॉइंट: एच डब्ल्यू टी एस कब और कहाँ" का उपयोग करें।

1. एक एच डब्ल्यू टी एस विधि चुनें जिससे अधिकांश प्रतिभागियों को पता चल जाएगा (उदाहरण के लिए, क्लोरीन की गोलियां, पानी का फिल्टर, या ब्लीचिंग पाउडर का पैकेट)। इन विषयों के बारे में संक्षेप में बताएं कि यह कैसे काम करता है।
2. प्रतिभागियों को बताएं कि वे एक हाउसहोल्ड से संबंधित हैं और उन्हें यह एच डब्ल्यू टी एस विकल्प दिया गया है।
3. प्रतिभागियों को 2-3 के समूहों में रखें। फिर, प्रतिभागियों को अपने घर के सन्दर्भ में "सही, निश्चित और निरंतर उपयोग" को परिभाषित करने के लिए कहें। उन्हें उन कुछ चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए कहें, जिनका वे सही, निश्चित और निरंतर उपयोग करने की कोशिशों के दौरान कर रहे हैं।
4. कुछ मिनटों के बाद, कुछ प्रतिभागियों को अपने समूह के विचारों को साझा करने के लिए कहें।
5. प्रतिभागियों को समझाएं कि वे निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बाद के पाठों में 3 सी अवधारणा की खोज करेंगे:

- हाउसहोल्ड को उनके विशिष्ट संदर्भ और वरीयताओं का उपयोग करने के लिए कौन से विकल्प सबसे आसान होंगे?
- 3 सी अवधारणा को प्राप्त करने के लिए स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देने के क्या तरीके हैं?

**वाद-विवाद: एच डब्ल्यू टी एस बनाम सामुदायिक जल उपचार (वैकल्पिक)** (20मिनट)

---

*ट्रेनर नोट: इस गतिविधि का उपयोग बाद में कार्यशाला की समीक्षा गतिविधि के रूप में भी किया जा सकता है, यदि इस पाठ में उपयोग नहीं किया गया है।*

1. समझाएं: "हमने सुरक्षित पेयजल, एच डब्ल्यू टी एस की भूमिका और जब एच डब्ल्यू टी एस सबसे प्रभावी है, पर चर्चा की है। अब, हमारे पास एक महत्वपूर्ण सवाल पर परिचर्चा करने का मौका होगा की क्या एच डब्ल्यू टी एस उन समस्याओं का अच्छा समाधान है जो खराब या अविश्वसनीय पेयजल गुणवत्ता का कारण बनती हैं?"

2. प्रतिभागियों को 2 टीमों में विभाजित करें और प्रत्येक टीम को एक राय दें:
    - टीम 1: सुरक्षित पेयजल की बढ़ती पहुंच के लिए एच डब्ल्यू टी एस एक प्रभावी और महत्वपूर्ण उपाय है।
    - टीम 2: सुरक्षित पेयजल तक पहुंच बढ़ाने के लिए एच डब्ल्यू टी एस कभी भी सबसे अच्छा विकल्प नहीं है।
3. प्रत्येक टीम को अपनी राय का समर्थन करने के लिए तर्कों की एक सूची बनाने के लिए 5 मिनट दें।
4. प्रत्येक टीम को एक प्रारंभिक वक्तव्य (1 मिनट लंबा) बनाने के लिए कहें और 1 व्यक्ति चुनने के लिए कहें जो अपनी टीम की राय व्यक्त करेगा।
5. बहस के लिए टीमों को 5-10 मिनट दिया जायेगा।

    *ट्रेनर टिप: आप समूह के आधार पर बहस को एक खुली बहस या एक संरचित बहस बना सकते हैं।*

6. परिचर्चा के बाद, प्रतिभागियों से पूछें कि पानी की गुणवत्ता के मुद्दों को हल करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए वे एच डब्ल्यू टी एस के बारे में कैसा महसूस करते हैं।

**कार्यपुस्तिका: समीक्षा** (10 मिनट)

---

1. प्रतिभागियों को अपनी कार्यपुस्तिकाओं में पृष्ठ "घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण" की निम्नलिखित अनुभागों को भरने के लिए कहें:
    - एच डब्ल्यू टी एस क्या है?
    - अधिकतम स्वास्थ्य प्रभावों हेतु एच डब्ल्यू टी एस के लिए क्या आवश्यक है?
    - सही, निश्चित और निरंतर उपयोग को परिभाषित करें।
2. मुख्य बिंदुओं को सारांशित करें।

## गतिविधियों का अवलोकन

1. परिदृश्य: परिचय
2. लघु समूह चर्चा: MDG, SDG, Human Right to Water
3. मैपिंग गतिविधि: एच डब्ल्यू टी एस और SDG
4. प्रस्तुति: स्थानीय मानक और नियम (वैकल्पिक)
5. रोल-प्ले: समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. "सुरक्षित पीने के पानी को MDG और SDG के अंतर्गत कैसे परिभाषित और माप सकते है" पर चर्चा
2. एच डब्ल्यू टी एस का SDG में योगदान
3. एच डब्ल्यू टी एस (वैकल्पिक) से संबंधित स्थानीय सरकारी मानकों या नियमों के विषय में

| सामग्री | अनुशंसित पाठ |
|---|---|
| • पावरपॉइंट: सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा (वैकल्पिक; दी गयी जानकारी को स्थानीय नीतियों और मानकों के आधार पर पहले से परिवर्तित करें)<br>• पॉवरपॉइंट: सुरक्षित पेयजल के लिए ग्लोबल एजेंडा (वैकल्पिक; स्थानीय नीतियों और प्रयोजनों के मानकों पर चर्चा)<br>• हैंडआउट: सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स (1 पेज; प्रति समूह 2 प्रतियां)<br>• फ्लिप चार्ट पेपर<br>• मार्कर | • संक्षिप्त तकनीकी विवरण: सुरक्षित पेयजल और वैश्विक एजेंडा विकास<br>• संक्षिप्त तकनीकी विवरण: घरेलु जल उपचार और सुरक्षित भंडारण (एच डब्ल्यू टी एस) का परिचय |

## परिचय: परिदृश्य (15 मिनट)

वैकल्पिक: इस परिचय के लिए "पावर पॉइंट: सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा" का उपयोग करें।

1. समझाएं: "अब जब हमने चर्चा की है कि पीने का पानी इतना महत्वपूर्ण क्यों है, इस सत्र में हम देखेंगे कि दुनिया में इसकी जरुरत को कैसे पूरा किया जा रहा है।"
2. प्रतिभागियों को 3-4 लोगों के समूह में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को कागज का एक बड़ा टुकड़ा दें।
3. प्रतिभागियों को यह कल्पना करने के लिए कहें कि उनके उपर बहुत अधिक वैश्विक दबाव है और वे सुरक्षित पेयजल के लिए उद्देश्य निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें अपने समूहों में चर्चा करने के लिए कहें कि वे प्रगति को आकलन करने के लिए किन लक्ष्यों और संकेतकों (indicators) का उपयोग करेंगे|
4. समूहों को अपने विचारों पर चर्चा करने और रिकॉर्ड करने के लिए लगभग 5 मिनट दें।
5. सभी सहभागियों के साथ अपने विचारों को साझा करने के लिए कुछ समूहों से कहें। कॉमन विषयों को सारांशित करें।
6. "सत्र परिणाम" स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें

> ट्रेनर टिप
>
> उदाहरण दें या संभावित प्रश्नों को पूछें प्रतिभागियों को लक्ष्य और संकेतक के बारे में सोचने में मदद करें। उदाहरण के लिए:
>
> - क्या आप उन जल स्रोतों की पहचान करेंगे जिनका लोग उपयोग कर रहे हैं?
> - क्या आप लोगों के घरों में पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे?
> - क्या आप जाँचेंगे कि एक सुरक्षित जल स्रोत लोगों के कितने पास हैं?
> - सबसे महत्वपूर्ण क्या है और क्यों?

## लघु समूह चर्चा: MDG, SDG, पानी का मानव अधिकार (25 मिनट)

वैकल्पिक: इस गतिविधि के लिए "पावरपॉइंट: सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा" का उपयोग करें

1. समझाएँ: "जैसा कि हमने अभी अपने परिदृश्य में महसूस किया है, सभी के लिए सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना एक जटिल समस्या है। अब हम चर्चा करेंगे कि वैश्विक समुदाय ने इस समस्या को कैसे सुलझाने का प्रयत्न किया।"
2. प्रतिभागियों को अपने छोटे समूहों में रहने के लिए कहें। प्रत्येक प्रतिभागी को "हैंडआउट: सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा" की एक प्रति दें।
3. प्रत्येक समूह को फ्लिप चार्ट पेपर का एक टुकड़ा और मार्करों का एक सेट दें।
4. बताएं कि हैंडआउट 3 वर्गों (MDG, Human right to water, SDG) में विभाजित है। हैंडआउट के एक सेक्शन की शुरुआत करने के बाद, बड़े समूह के एक प्रतिभागी से पूछें कि उस विषय का क्या मतलब है। प्रत्येक विषय के बारे में कुछ प्रमुख तथ्य साझा करें।
5. प्रतिभागियों को अपने समूहों में हैंडआउट की समीक्षा करने और निम्नलिखित प्रश्न पर चर्चा करने के लिए कहें: "समय के साथ सुरक्षित पेयजल के लिए कैसे शब्द , लक्ष्य और संकेतक (indicators) में परिवर्तन आये है ? समूह फ्लिप चार्ट पेपर पर अपने विचारों और साथ ही किसी भी प्रश्न या भ्रम की स्थिति को भी रिकॉर्ड करें।
6. प्रत्येक समूह को उसके कुछ विचार पूरे समूह के साथ साझा करने के लिए कहें। प्रश्नों के उत्तर दें और मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में लिखें।
7. प्रतिभागियों से प्रत्येक विषय के लिए " सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा" के तहत उनकी कार्यपुस्तिकाओं में MDG, Human right to water और SDG के विषय में 1 या 2 मुख्य बिंदुओं को सूचीबद्ध करने के लिए कहें।

**प्रमुख बिंदु**

- MDG में परिष्कृत जल स्रोतों तक पहुंच मापदण्ड थी। लोगों ने माना कि परिष्कृत जल स्रोत सुरक्षित थे, लेकिन यह हमेशा सच नहीं था। "वंचितों की संख्या को आधा करने" के लक्ष्य को पूरा करने के लिए उन लोगों को प्राथमिकता दी गयी जिन लोगो के लिए ऐसा करना आसान था, ऐसा करने में सबसे कमजोर वर्ग पर ध्यान केंद्रित नहीं किया गया।
- Human right to water ने सुरक्षित पेयजल के लिए नजरिया ही बदल दिया| जिससे सभी के लिए पानी सुलभ बनाने के लिए वैश्विक जिम्मेदारी बन गयी।
- SDG में पानी की गुणवत्ता और पानी की उपलब्धता दोनों शामिल हैं। साथ ही, "न्यायसंगत" और "सार्वभौमिक" की भाषा का अर्थ है कि वैश्विक समुदाय को सबसे कमजोर और पहुँचने में कठिन पर केन्द्रित होना चाहिए।

## मैपिंग गतिविधि: एच डब्ल्यू टी एस और SDG

(20 मिनट)

1. समझाएं: "अब हम SDG के सुरक्षित पेयजल लक्ष्य और संकेतकों को समझते हैं, आइए अब बात करें कि SDG कैसे एच डब्ल्यू टी एस से संबंधित हैं।"
2. पूछें: "सुरक्षित पेयजल के लिए SDG लक्ष्य तक पहुंचने में एच डब्ल्यू टी एस का क्या योगदान है?" कई प्रतिभागियों से अपने विचार साझा करने के लिए कहें। SDG लैडर के पावरपॉइंट स्लाइड का उपयोग कर यह दिखायें कि विभिन्न चरणों में एच डब्ल्यू टी एस कैसे पानी की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है।

   *ट्रेनर टिप: नीचे दिए गए मुख्य बिंदुओं को देखें।*

3. उदाहरण सहित समझाएँ: "SDG विकास के कई अलग-अलग पहलुओं से संबंधित हैं, अतः ये सुरक्षित पेयजल से कहीं अधिक के लिए लागू है।"
4. प्रत्येक समूह को फ्लिप चार्ट पेपर, मार्कर और "हैंडआउट: सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स " की 2 प्रतियां दें।
5. प्रत्येक समूह को अपने फ़्लिप चार्ट पेपर के बीच में एक सर्कल बनाने और सर्कल में "एच डब्ल्यू टी एस" लिखने के लिए कहें। उन्हें इस चार्ट पर एच डब्ल्यू टी एस के द्वारा SDG 6 व अन्य लक्ष्यों में कैसे योगदान दे सकता है दिखाने के लिए कहें।
6. समूहों को अपने चार्ट दीवार पर टांगने के लिए कहें और फिर उनसे कहें की वे कमरे के चारों ओर घूमकर दूसरे समूहों के चार्ट देखें।
7. प्रतिभागियों से अपने विचार या टिप्पणियों को साझा करने के लिए कहें कि एच डब्ल्यू टी एस SDG में कैसे योगदान देता है।

**ट्रेनर टिप**

समूह के आधार पर, प्रतिभागी " एच डब्ल्यू टी एस " के बजाय "सुरक्षित पेयजल" को अपने नक्शे के केंद्र में रखना चाह सकते हैं। आरेख के लिए,

आपको एक उदाहरण दिखाने की आवश्यकता हो सकती है: एच डब्ल्यू टी एस -> कम बीमारी -> काम करने का अधिक समय -> कोई गरीबी नहीं (SDG 1)।

8. प्रमुख बिंदुओं को सारांशित करें।

**प्रमुख बिंदु**

- "सुरक्षित रूप से प्रबंधित वाटर सप्लाई" के आलावा एच डब्ल्यू टी एस प्रत्येक चरण में पानी की गुणवत्ता में सुधार करता है (पॉवरपॉइंट स्लाइड देखें) |
- स्रोत और घर के बीच पानी संदूषण एक प्रमुख चिंता का विषय है। एच डब्ल्यू टी एस पानी की गुणवत्ता में वृद्धिशील सुधार के साथ मदद कर सकता है (लेकिन SDG प्रगति की वर्तमान निगरानी हमेशा एच डब्ल्यू टी एस द्वारा किए गए सुधारों को अपने मूल्याङ्कन में दर्ज नहीं करता है)।
- एच डब्ल्यू टी एस पानी की गुणवत्ता के मुद्दों को हल कर संवेदनशील (vulnerable) आबादी तक पहुंचने में मदद कर सकता है। एच डब्ल्यू टी एस सुरक्षित पेयजल की विश्वसनीयता और पहुंच से संबंधित मुद्दों को हल नहीं करता है।
- एच डब्ल्यू टी एस (सुरक्षित पेयजल) कई SDG विकास लक्ष्यों में योगदान देता है |

## प्रस्तुति: स्थानीय मानक और विनियम (वैकल्पिक) (10 मिनट )

वैकल्पिक: इस गतिविधि के लिए "पावरपॉइंट: सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा" का उपयोग करें।

*ट्रेनर नोट: आपको स्थानीय मानकों और नियमों को दिखाने के लिए पावरपॉइंट को पहले से संपादित करना होगा।*

1. स्पष्ट करें: "वैश्विक लक्ष्यों और घोषणाओं के अलावा, कई देशों में स्थानीय लक्ष्य, नियम और मानक हैं जो पानी की गुणवत्ता पर लागू होते हैं।"
2. पूछें : क्या आप अपने [देश / समुदाय / प्रांत] पीने के पानी की गुणवत्ता से संबंधित मानकों, नीतियों, और नियमों को जानते हैं?"
3. सुरक्षित पेयजल या एच डब्ल्यू टी एस से संबंधित किसी भी प्रासंगिक स्थानीय नीतियों, नियमों या रणनीतियों की संक्षिप्त व्याख्या करने के लिए पावरपॉइंट स्लाइड का उपयोग करें।
4. प्रतिभागियों से "मेरे देश की नीतियां और नियम" विषय के तहत उनकी कार्यपुस्तिकाओं में 1 या 2 प्रमुख बिंदु लिखने को कहें।

## रोल प्ले: समीक्षा करें (5 मिनट)

वैकल्पिक: इस गतिविधि के लिए "पावरपॉइंट: सुरक्षित पेयजल के लिए वैश्विक एजेंडा" का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों के जोड़े बनाकर उनसे कहें कि वे एक एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ता हैं जो एक संयुक्त राष्ट्र या सरकारी अधिकारी के सामने अपनी एच डब्ल्यू टी एस परियोजना का वर्णन करता है। उन्हें यह बताने के लिए अभ्यास करने को कहें कि एच डब्ल्यू टी एस SDG और स्थानीय लक्ष्यों और नीतियों में कैसे योगदान देता है।
2. आवश्यकतानुसार मुख्य बिंदुओं को संक्षेप में स्पष्ट करें।

## वैश्विक एजेंडा फॉर सेफ ड्रिंकिंग वाटर

हैंडआउट

### मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स (MDG) (2000-2015)

पीने के पानी के लिए लक्ष्य: "2015 तक, सुरक्षित पेयजल और बुनियादी स्वच्छता के लिए स्थायी पहुंच के बिना लोगों का अनुपात आधा करना" (1990 के आधारभूत की तुलना में)।

टेबल 1: MDG के तहत हाउसहोल्ड की पीने के पानी तक पहुंच के लिए सेवा स्तर

| सेवा स्तर (उच्चतम से निम्नतम) | परिभाषा |
|---|---|
| बेहतर: परिसर में पाइप | उपयोगकर्ता के आवास, भूखंड या यार्ड के अंदर स्थित एक पाइप्ड हाउसहोल्ड जल कनेक्शन से पीने का पानी। |
| संशोधित: अन्य संशोधित स्रोत | परिष्कृतस्रोत (पाइप्ड पानी, बोरहोल या ट्यूबवेल, संरक्षित खोदा कुआं, संरक्षित झरना या वर्षा जल) से पीने का पानी। |
| असंशोधित | असुरक्षित कुएं या असुरक्षित झरना, सतह के पानी से पानी पीना। |

*(World Health Organization & UNICEF, n.d.)*

### SDG (सतत विकास लक्ष्य) (2015+)

लक्ष्य 6.1: 2030 तक, सभी के लिए सुरक्षित और किफ़ायती पीने के पानी के लिए सार्वभौमिक और समान पहुंच प्राप्त करें।

टेबल 2: SDG के तहत पीने के पानी तक घरेलू पहुंच के लिए सेवा स्तर

| सेवा स्तर (उच्चतम से निम्नतम) | परिभाषा (हाउसहोल्ड) |
|---|---|

| | |
|---|---|
| सुरक्षित रूप से प्रबंधित | परिष्कृत (बुनियादी) पीने के पानी के स्रोत से पीने का पानी:<br>• परिसर में स्थित है,<br>• जरूरत पड़ने पर उपलब्ध, और<br>• फीकल और प्राथमिकता रासायनिक अशुद्धि से मुक्त। |
| बुनियादी | परिष्कृत स्रोत से पानी पीना (पाइप्ड पानी, बोरहोल या ट्यूबवेल, संरक्षित खोदा कुआं, संरक्षित झरना या वर्षा जल)। जल संग्रह के लिए एक राउंडट्रिप का समय 30 मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए, जिसमें प्रतीक्षा समय भी शामिल है। |
| सीमित | एक राउंडट्रिप के लिए 30 मिनट से अधिक के कुल संग्रह समय के साथ परिष्कृत स्रोत से पीने का पानी सहित प्रतीक्षा समय बिताया। |
| असंशोधित | सुरक्षित कुएं या असुरक्षित झरना से पीने का पानी। |
| सतही जल | नदियों, बांधों, झीलों, तालाबों, नहरों, नहरों या सिंचाई चैनलों से सीधे एकत्रित पानी। |

*(World Health Organization, 2017)*

टेबल 3: SDG के तहत पीने के पानी के लिए स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र के लिए सेवा स्तर

| सेवा स्तर (उच्चतम से निम्नतम) | परिभाषा (विद्यालय) | परिभाषा (स्वास्थ्य केंद्र) |
|---|---|---|
| उन्नत | राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित किया जाना | राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित किया जाना |
| बुनियादी | स्कूल में परिष्कृत स्रोत से पीने का पानी उपलब्ध है | परिष्कृत स्रोत से पानी परिसर में उपलब्ध है। |
| सीमित | स्कूल में परिष्कृत स्रोत है, लेकिन सर्वेक्षण के समय पानी उपलब्ध नहीं है। | परिष्कृत स्रोत से पानी परिसर से उपलब्ध है, या साइट पर परिष्कृत स्रोत है लेकिन पानी उपलब्ध नहीं है। |
| सेवा में नही | स्कूल में पानी का कोई स्रोत नहीं है। | कोई जल स्रोत नहीं। |

*(World Health Organization, 2017)*

## जल एक मानव अधिकार (2010)

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्पष्ट रूप से पानी और स्वच्छता के मानव अधिकार को मान्यता दी और स्वीकार किया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सभी मानव अधिकारों की प्राप्ति के लिए आवश्यक हैं। संकल्प पत्र में राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों से विशेष संसाधनों वाले देशों में वित्तीय संसाधन, क्षमता-निर्माण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, सभी के लिए **सुरक्षित**, **स्वच्छ**, **सुलभ और सस्ती पेयजल और स्वच्छता** प्रदान करने के लिए मदद करने का आह्वान किया गया है। ” (मानव अधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के उच्चायुक्त कार्यालय, संयुक्त राष्ट्र हैबिटेट, और विश्व स्वास्थ्य संगठन, 2010)।

# संदर्भ

United Nations Office of the High Commissioner for Human Rights, UN Habitat, & World Health Organization. (2010). *The Human Right to Water* (Fact Sheet No. No. 35). Geneva, Switzerland. Retrieved

from http://eldis.org/vfile/upload/1/document/1112/righttowaterindicators.pdf

World Health Organization. (2017). *Safely managed drinking water - thematic report on drinking water 2017*. Geneva, Switzerland: World Health Organization. Retrieved from http://apps.who.int/iris/handle/10665/177752

World Health Organization, & UNICEF. (n.d.). The Drinking Water Ladder. Retrieved from http://www.who.int/water sanitation health/monitoring/water.pdf

## सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स

हैंडआउट




**Refer:**

http://www.undp.org/content/undp/en/home/sustainable-development-goals.html

## गतिविधियों का अवलोकन

1. समूह चर्चा: परिचय
2. समूह चर्चा: जल आपूर्ति प्रणाली को परिभाषित करना
3. ड्राइंग: जल आपूर्ति प्रणाली
4. ग्रुप मंथन: जल सुरक्षा के लिए जोखिम (Risk to water safety)
5. कार्यपुस्तिका: समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. जल आपूर्ति प्रणाली को परिभाषित करना
2. जल आपूर्ति प्रणाली के साथ जल सुरक्षा के लिए जोखिमों की पहचान करना

### सामग्री

- ☐ पानी का गिलास
- ☐ पानी की आपूर्ति प्रणाली की परिभाषा के साथ फ्लिप चार्ट पेपर (पाठ देखें)
- ☐ फ्लिप चार्ट पेपर (प्रति समूह 1)
- ☐ स्टिकी नोट्स (प्रति समूह 1 स्टैक)

### अनुशंसित पाठ

- ☐ संक्षिप्त तकनिकी विवरण: सुरक्षित पेयजल के मल्टी बैरियर एप्रोच
- ☐ संक्षिप्त तकनिकी विवरण: एचडब्लूटीएस (HWTS) के कार्यान्वयनकर्ताओं के लिए पानी की गुणवत्ता का परिचय

## समूह चर्चा: परिचय (10 मिनट)

1. अपने प्रशिक्षण स्थान पर इस्तेमाल की गई जल आपूर्ति या किसी अन्य पास के जल स्रोत में से एक गिलास में पानी भरें।
2. प्रतिभागियों को पानी का गिलास दिखाएँ और पूछें :"यह पानी कहाँ से आया?"
   अब प्रतिभागियों की यह जानने में सहायता करें कि ग्लास में पहुंचने से पहले पानी किन विभिन्न चरणों से गुजरा है और उन्हें इस विषय में फ्लो डायग्राम बनाने के लिए कहे।

*ट्रेनर टिप : यहां एक उदाहरण है : बारिश- > नदी- > जल उपचार संयंत्र- > पाइप- > प्रशिक्षण स्थान पर वाटर सप्लाई टैप।*

3. प्रतिभागियों से पूछें: "क्या आपको भरोसा है कि यह पानी सुरक्षित है?" उनसे पूछें कि क्यों या क्यों नहीं।
4. सत्र परिणाम या पाठ का अवलोकन प्रस्तुत करें।

## समूह चर्चा: जल आपूर्ति प्रणाली को परिभाषित करना (5 मिनट)

1. स्पष्ट करें: "जब आप मुझे बता रहे थे कि मेरे गिलास में आने से पहले पानी के किन चरणों से गुजरा था, तो आप एक जल आपूर्ति प्रणाली का वर्णन कर रहे थे।"
2. कमरे के सामने" **जल आपूर्ति प्रणाली** "शब्द लिखें। प्रतिभागियों से पूछें: "इस शब्द का क्या अर्थ है?"
3. पानी की आपूर्ति प्रणाली की परिभाषा के साथ फ्लिप चार्ट पेपर का खुलासा करें। विभिन्न जल आपूर्ति प्रणालियों के कुछ उदाहरण दीजिए।

**जल आपूर्ति प्रणाली : "पेयजल संग्रह, परिवहन, उपचार और भंडारण के लिए प्रयुक्त सभी चरणों का संयोजन अर्थात पानी के अपने मूल स्रोत से पीने के गिलास के बीच की सभी प्रक्रियाओं का संयोजन।"**

## आरेखण: जल आपूर्ति प्रणाली (10 मिनट)

1. समझाएं: "अब जब हम पानी की आपूर्ति प्रणाली को परिभाषित कर चुके हैं, तो आप अपने काम से उदाहरण लेकर जल आपूर्ति प्रणाली का चित्रण करें।"
2. प्रतिभागियों से उस समुदाय के घर के बारे में सोचने के लिए कहें जहां वे वर्तमान में एच डब्ल्यू टी एस लागू करते हैं या एच डब्ल्यू टी एस को लागू करने की योजना बनाते हैं। फिर, उन्हें उस घर के लिए पानी के स्रोत और स्रोत से घर तक पानी कैसे पहुंचे के बारे में सोचने के लिए कहें।

*ट्रेनर टिप : यदि वे एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वियनकर्ता नहीं हैं, तो उन्हें उस घर के बारे में सोचने के लिए कहें, जहां वे काम करते हैं।*

3. प्रतिभागियों से अपनी कार्यपुस्तिकाए "जल आपूर्ति प्रणाली" पृष्ठ पर खोलने के लिए कहें।
4. प्रतिभागियों को पृष्ठ के बाईं ओर "स्रोत" शब्द के तहत घरेलू उपयोग के जल स्रोत को चित्रित करने के लिए कहें। यदि घर कई स्रोतों का उपयोग करता है, तो प्रतिभागी को एक स्रोत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहें।
5. प्रतिभागियों से पेज के दाईं ओर शब्द "उपयोगकर्ता" के तहत एक गिलास पानी का चित्र बनाने के लिए कहें।
6. प्रतिभागियों से कहे कि स्रोत से उपयोगकर्ता के ग्लास तक पहुंचने तक के सभी जल आपूर्ति प्रणाली के चरणों को चित्रित करें।

*ट्रेनर टिप : यदि वे चाहें तो प्रतिभागी ड्राइंग के बजाय लिख भी सकते हैं।*

7. प्रतिभागियों से कहें की प्रत्येक व्यक्ति एक साथी चुन ले। फिर, प्रतिभागियों से अपने ड्राइंग के बारे में अपने साथी के साथ चर्चा करने के लिए कहे कि वह जो भूल गया है उसे जोड़े।
8. पूर्ण समूह के साथ अपने पानी की आपूर्ति प्रणालियों के उदाहरण साझा करने के लिए कुछ प्रतिभागियों से कहें।

## ग्रुप मंथन: जल सुरक्षा के लिए जोखिम (Risk to water safety) (15 मिनट)

1. प्रतिभागियों को 3-4 के समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को फ्लिप चार्ट पेपर का एक टुकड़ा और स्टिकी नोट्स दें।
2. प्रतिभागियों को अपने समूह में 1 व्यक्ति की पानी की आपूर्ति प्रणाली चुनने और उस प्रणाली को फ्लिप चार्ट पेपर पर कॉपी करने के लिए कहें।
3. प्रत्येक समूह को इसकी जल आपूर्ति व्यवस्था को ध्यान से देख कर ऐसे किसी भी तरीके की पहचान करने के लिए कहें जिससे पानी दूषित हो सकता है। उनसे स्टिकी नोट्स पर संभावित जोखिम (प्रति नोट 1 जोखिम) लिखने के लिए कहें। फिर, उन्हें पानी की आपूर्ति प्रणाली में प्रत्येक स्टिकी नोट को उस जगह चिपकाने के लिए कहे जहां जोखिम समस्या पैदा कर सकता है।
4. जब सभी समूह ऐसा कर लें, तो दीवार पर सभी पानी की आपूर्ति प्रणालीके चित्रों को लटकाएं।

**ट्रेनर टिप**

प्रतिभागियों को सामान्य जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहें, जैसे कृषि से अपवाह या फिकल कंटैमिनेशन□ यदि वे विशिष्ट प्रकार के दूषित पदार्थों के बारे में सवाल पूछना शुरू करते हैं, तो समझाएं कि अगले पाठ में कवर किया जाएगा।

*ट्रेनर नोट :आपको "पाठ योजना: मल्टी-बैरियर एप्रोच" के लिए इन चित्रों को रखने की आवश्यकता होगी।*

5. प्रतिभागियों को कमरे के चारों ओर जाकर दूसरे समूहों के चित्रों को देखने के लिए कुछ मिनट दें।
6. पूछें :"क्या समानताएं और अंतर हैं जो आप अन्य लोगों की जल आपूर्ति प्रणालियों और उनके द्वारा पहचाने गए जोखिमों में नोटिस करते हैं?"
7. पूछें :"एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ताओं के लिए यह महत्वपूर्ण क्यों है कि वे जहाँ कार्य करते हैं उन घरों की जल आपूर्ति प्रणालियों को समझें?"
   - यह जानने के लिए कि पानी कहाँ से आ रहा है
   - पानी को प्रभावित करने वाले सबसे अधिक संभावित प्रदूषक पदार्थों को समझने के लिए
   - यह जानने के लिए कि समुदाय में लोग पहले से ही किन विधियों का उपयोग कर रहे हैं
   - जल सुरक्षा के जोखिमों को कम करने के लिए एच डब्ल्यू टी एस प्रणाली का उपयोग करने की सामर्थ्य और सीमाओं की पहचान करने में मदद करना|

## कार्यपुस्तिका: समीक्षा (5 मिनट)

1. प्रतिभागियों से पूछें कि वे अपनी कार्यपुस्तिका में पानी की आपूर्ति प्रणालियों को फिर से देखें। उन्हें अपने पानी की आपूर्ति प्रणाली चित्रों में सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण जोखिमों को सूचीबद्ध करने के लिए कहें।

## गतिविधियों का अवलोकन

1. मंथन :परिचय
2. प्रस्तुति :पीने के पानी की गुणवत्ता के पहलू
3. प्रस्तुति और रोल प्ले :माइक्रोबायोलॉजिकल और रासायनिक पहलू
4. मिलना और अभिवादन करना: रोग प्रोफाइल( वैकल्पिक)
5. प्रस्तुति :स्वीकार्यता और रेडियोलॉजिकल पहलू
6. पेपर कैबेज :समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. पानी से संबंधित बीमारियों से बचाव के तरीकों की जानकारी
2. विषाणुओं के 4 विभिन्न समूहों को सूचीबद्ध कर वर्णन करना
3. आम रासायनिक संदूषक पदार्थों को सूचीबद्ध कर वर्णन करना

4. पीने के पानी की स्वीकार्यता को प्रभावित करने वाले कारकों पर चर्चा

**सामग्री**

- ☐ पावर पॉइंट: पीने के पानी की गुणवत्ता
- ☐ रोग कार्ड (6 से 8 रोग चुनें; प्रति प्रतिभागी 1 कार्ड)
- ☐ पेपर कैबेज (पाठ में " पेपर कैबेज: समीक्षा" के तहत निर्देश देखें)
- ☐ पेपर कैबेज गतिविधि के लिए संगीत (कंप्यूटर या अन्य डिवाइस पर)

**अनुशंसित पाठ**

- ☐ संक्षिप्त तकनीकी विवरण : घरेलू जल उपचार कार्यान्वयन के लिए पीने के पानी की गुणवत्ता का परिचय

CAWST

## विचार मंथन: परिचय (5 मिनट)

वैकल्पिक: इस परिचय के लिए " पावर पॉइंट : पीने के पानी की गुणवत्ता" का उपयोग करें।

1. कहें: "अब जब हमने सामान्य रूप से पानी की सुरक्षा के बारे में बात की है, तो हम विशेष रूप से प्रदूषक पदार्थों पर चर्चा करने जा रहे हैं जो पानी की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते हैं।"
2. पूछें: "आपके क्षेत्र में, पीने के पानी में आम संदूषण (कंटैमिनेशन) क्या हैं?" प्रतिभागीओं के उत्तर फ्लिप्चार्ट पर रिकॉर्ड करें।
3. समझाएँ :"एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ताओं के रूप में, आपके लिए विभिन्न प्रकार के प्रदूषक पदार्थों, उनके स्रोत, और उनके द्वारा होने वाले स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में मूल बातें समझना महत्वपूर्ण है। यह ज्ञान आपको निर्णय लेने में मदद करेगा।"
4. "सत्र परिणाम" स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें।

## प्रस्तुति: पीने के पानी की गुणवत्ता के पहलू (5 मिनट)

इस प्रस्तुति के लिए "पावर पॉइंट : पीने के पानी की गुणवत्ता" का उपयोग करें।

1. परिचय के दौरान प्रतिभागियों द्वारा बनायीं प्रदूषक पदार्थों की सूची दिखाकर समझाएं :"विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने प्रदूषक पदार्थों को के 4 समूहों में वर्गीकृत किया है। क्या आप जानते हैं कि वे समूह क्या हैं?"
2. पीने के पानी की गुणवत्ता के 4 पहलुओं को दिखाने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें।

3. प्रतिभागी **कार्यपुस्तिकाओं** में "पीने के पानी की गुणवत्ता" पृष्ठ का संदर्भ लें। प्रतिभागियों को बताएं कि वे इस पाठ के दौरान उदाहरण और यदि वे चाहें तो अतिरिक्त नोट्स लिख सकते हैं ।

## प्रस्तुति और रोल प्ले: माइक्रोबायोलॉजिकल और रासायनिक पहलू (20 मिनट)

इस प्रस्तुति के लिए "पावर पॉइंट: पीने के पानी की गुणवत्ता" का उपयोग करें।

1. पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें:
   - 4 प्रकार के माइक्रोबायोलोजिकल कंटैमिनेशन और उनके सापेक्ष आकार दिखाएं
   - विषाणु को परिभाषित करें
   - विभिन्न प्रकार के विषाणुओं के कुछ उदाहरण और विवरण दें
2. "एनर्जी ब्रेक "
   - प्रतिभागियों को 4 समूहों में विभाजित करें।
   - प्रत्येक समूह को एक विषाणु प्रकार के लिए एक क्रिया या नृत्य करने के लिए कहें।
   - अब सभी प्रतिभागी अपनी-अपनी क्रिया एक साथ करें।
   - फिर, सभी क्रियाओं को एक पूर्ण समूह के रूप में करें, सबसे छोटे विषाणु सबसे पहले और सबसे बड़े विषाणु सबसे बाद में।
3. पूछें :"पानी से संबंधित विषाणु कैसे लोगों के शरीर में जाकर बीमारी का कारण बनता है?" विभिन्न प्रकार के पानी से संबंधित बीमारियों को दिखाने और समझाने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करना जारी रखें।
4. रासायनिक कंटैमिनेशन को पेश करने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें। कुछ उदाहरण दीजिए।

## मिलन और नमस्कार: रोग प्रोफाइल (वैकल्पिक) (25 मिनट)

1. स्पष्ट करें:"अब जब हमने सामान्य रूप से माइक्रोबायोलोजिकल और रासायनिक कंटैमिनेशन के बारे में सीखा है, तो आइए कुछ विशिष्ट प्रदूषकों और उनके कारण होने वाली बीमारियों पर नज़र डालते हैं।"
2. प्रतिभागियों को समान रूप से 6-8 के समूह में विभाजित करें।
3. प्रत्येक समूह में प्रतिभागियों की संख्या के रूप में कई रोग कार्ड चुनें।

*ट्रेनर नोट: उन रोगों का चयन करें, जो उस क्षेत्र में सामान्य हैं जहां आपके प्रतिभागी काम करते हैं। रोग के मिश्रित प्रकार (वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोजोआ, हेल्मिन्थ, और रासायनिक) के मिश्रण का चयन करने का प्रयास करें।*

4. प्रत्येक समूह के भीतर, प्रत्येक प्रतिभागी को एक अलग बीमारी कार्ड दें। प्रतिभागियों को यह निर्देश दें कि वे अपने कार्ड में वर्णित बीमारी/विषाणु का नाट्यरूपांतरण करें । उन्हें अपने समूह में अन्य बीमारियों के बारे में संक्षेप में बताना चाहिए (जैसे कि किसी पार्टी या नेटवर्किंग इवेंट में)। जैसा कि वे अन्य बीमारियों के बारे में सीखते हैं, उन्हें अपनी कार्यपुस्तिकाओं में "रोग प्रोफाइल" पृष्ठ पर महत्वपूर्ण जानकारी का ट्रैक रखना चाहिए।
5. प्रतिभागियों को उनके समूह के भीतर सभी बीमारियों को मिलने और चर्चा करने के लिए 10-15 मिनट दें।
6. सभी को पूर्ण समूह में लौटने के लिए कहें। प्रतिभागियों को अपने विचार साझा करने और प्रश्न पूछने का अवसर दें।
7. प्रतिभागियों को अपने रोग कार्ड वापस करने के लिए कहें (बाद वाले सत्र के लिए उनकी आवश्यकता होगी)।

## प्रस्तुति: स्वीकार्यता और रेडियोलॉजिकल पहलू (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए पावर पॉइंट: **"पीने के पानी की गुणवत्ता"** का उपयोग करें।

1. पूछें: "क्या आप पीने के पानी की गुणवत्ता के 4 पहलुओं को बता सकते हैं?"
2. सामान्य स्वीकार्यता पहलुओं का वर्णन करने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें:
    - टर्बिडिटी
    - रंग
    - स्वाद और
    - गंध
3. प्रतिभागियों से पूछें: "एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ताओं के रूप में, आपको पीने के पानी की स्वीकार्यता के बारे में क्यों ध्यान रखना चाहिए?"
    - एच डब्ल्यू टी एस के लम्बे समय के व्यवहार परिवर्तन और उपयोग के लिए, लोगों को अपने पानी के स्वाद, गंध और रंग को पसंद आनी चाहिए।
    - कुछ स्वीकार्यता पहलू (जैसे कि टर्बिडिटी माइक्रोबायोलोजिकल प्रदुषण) का संकेत दे सकते हैं।
4. रेडियोलॉजिकल पहलुओं का वर्णन करने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें, और प्रतिभागियों को समझाएं कि प्रशिक्षण में रेडियोलॉजिकल पहलुओं को कवर क्यों नहीं किया जाएगा।
5. पानी की गुणवत्ता के 4 पहलुओं को संक्षेप में बताएं।
6. पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें और प्रतिभागियों से पूछें:"अधिकांश पानी की आपूर्ति प्रणालियों के लिए, पानी की गुणवत्ता के कौन से पहलू निगरानी और उपचार के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं?" प्रतिभागियों को अपने विचारों पर चर्चा करने के लिए कुछ समय दें।
7. मुख्य बिंदुओं को सारांशित करें। प्रतिभागियों को बताएं कि इस सत्र में विभिन्न प्रदूषकों के लिए परीक्षण करना सीखेंगे :जल गुणवत्ता परीक्षण।

**प्रमुख बिंदु**

- पानी की गुणवत्ता के विषय में कोई भी एक पहलु सदैव सबसे महत्वपूर्ण नहीं होता वह परिवर्तनशील हो सकता है।
- माइक्रोबायोलोजिकल प्रदुषण आमतौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। क्योंकि इसके तत्काल और गंभीर स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं।
- रासायनिक पहलू कभी-कभी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं (उदाहरण के लिए, उच्च प्रदुषण वाले क्षेत्रों में)। डब्ल्यूएचओ के नक्शे उन क्षेत्रों को दिखाते हैं जहां रासायनिक प्रदुषण एक मुद्दा होने की संभावना एक बड़ा मुद्दा है। पानी में रासायनिक प्रदूषकों का स्वास्थ्य पर प्रभाव स्पष्ट होने में अधिक समय लेता है।
- पानी की स्वीकार्यता अन्य मुद्दों पर भी आधारित हो सकती हैं| स्वीकार्यता हीं इस बात को प्रभावित करती हैं कि लोग अपने पीने के पानी के बारे में कैसा महसूस करते हैं।
- इस बात पर विचार करने के लिए कि किस उपचार की आवशयकता है और किस समय पर उपचार की निगरानी की आवशयकता है , इसके लिए टरबिडिटी एक महत्वपूर्ण मापदंड है।

## पेपर कैबेज: समीक्षा (10 मिनट)

1. कागज के अलग-अलग टुकड़ों पर निम्नलिखित प्रश्न लिखें:
    - पीने के पानी की गुणवत्ता के 4 पहलू क्या हैं?
    - रासायनिक कंटैमिनेशन के 2 उदाहरण दें।
    - विषाणुओं के 4 समूह क्या हैं?

- जलजनित वायरस के कारण होने वाली बीमारी का उदाहरण दें।
- जलजनित जीवाणुओं के कारण होने वाली बीमारी का उदाहरण दें।
- एक हेल्मिन्थ का एक उदाहरण दें।
- विषाणुओं का कौन सा समूह सबसे छोटा होत है?
- पीने के पानी की गुणवत्ता की स्वीकार्यता पहलुओं के कुछ उदाहरण दें।

2. एक समय में कागज के टुकड़ों को समेटना और उसके ऊपर दूसरा लपेट कर "पेपर कैबेज"(Paper Cabbage) तैयार करें।
3. प्रतिभागियों से एक सर्कल में खड़े होने और पेपर कैबेज को पास करने के लिए कहें और साथ ही संगीत बजाने को कहे। जब आप संगीत को रोकते हैं, तो जिसके पास गोभी होती है, उसे कागज के एक टुकड़े को छीलकर उस पर लिखा प्रश्न पढ़ने और उत्तर देने के लिए कहें। तब तक खेलना जारी रखें जब तक कि सभी सवालों के जवाब नहीं मिल जाते।

## गतिविधियों का अवलोकन

1. दृश्यावलोकन और चर्चा :परिचय
2. छोटा समूह मंथन :बाधाओं की पहचान करना
3. प्रस्तुति :मल्टी-बैरियर एप्रोच
4. चयन/छँटाई गतिविधि :बाधाओं
5. चर्चा :बाधाओं को प्राथमिकता देना
6. कार्यपुस्तिका :समीक्षा

**सत्र परिणाम**

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. मल्टी-बैरियर एप्रोच क्यों महत्वपूर्ण है
2. मल्टी-बैरियर एप्रोच में 6 बैरियर का उदाहरण देने में
3. मल्टी-बैरियर एप्रोच में फिट होने वाले घरेलू स्तर के समाधानों को पहचानने में

**सामग्री**

- ☐ मल्टी-बैरियर एप्रोच सॉर्टिंग कार्ड (कार्यशाला टूलकिट में)
- ☐ लेसन प्लान: "जल सुरक्षा के जोखिम" में समूहों द्वारा बनाई गई पानी की आपूर्ति प्रणालियों के साथ फ्लिप चार्ट पेपर
- ☐ स्टिकी नोट्स (एक सेट प्रति समूह, विभिन्न रंगों के)

**अनुशंसित पाठ**

- ☐ संक्षिप्त तकनीकी विवरण: मल्टी-बैरियर एप्रोच टू सेफ ड्रिंकिंग वॉटर

**दृश्यावलोकन और चर्चा: परिचय** (10 मिनट)

CAWST

1. प्रतिभागियों से अपनी आँखें बंद कर इस परिदृश्य की कल्पना करने के लिए कहें:
"आपके पास एक सुंदर रसोई घर है। रसोई में, आपके पास कई अनाज, फल और सब्जियां हैं, जो आपके परिवार और आगंतुकों के आनंद के लिए बर्तन में संग्रहित हैं। एक सुबह आप उठते हैं देखते है कि आपकी रसोई चूहों और चींटियों से भरी है। ये कीट हर जगह हैं, और आपके भोजन में मिल गए हैं।"
2. क्या प्रतिभागियों ने अपनी आँखें खोली हैं। फिर, पूछें: "आप कैसा महसूस करते हैं?"
3. प्रतिभागीयों से पूछें :"आप इस समस्या को दूर करने के लिए क्या करेंगे?" कमरे के सामने उनके विचारों को रिकॉर्ड करें। संभावित समाधान हैं:
   - कीटों को मारने के लिए चूहेदानी या रसायनों का उपयोग करें
   - भोजन को संग्रहित करने के लिए सील बंद बर्तनों का उपयोग करें
   - पता लगाएँ कि चूहें और चींटियाँ घर में कैसे आ रही हैं और इन समस्याओं का समाधान करें
4. प्रतिभागियों से पूछें :"क्या कोई एक क्रिया है जो आप कर सकते हैं जिससे आपके सभी चूहें और चींटी की समस्याओं को हल जाए?"

- नहीं। समस्या को हल करने का सबसे अच्छा तरीका है कीटों को मरना और भोजन में जाने से रोकना, इन दोनों क्रियाओं का मिश्रण है।

5. प्रतिभागियों से पूछें :“यह चूहे और चींटी का परिदृश्य पीने के पानी में प्रदुषण के समान कैसे है?"
   - भोजन की तरह, पीने का पानी एक अनमोल संसाधन है।
   - पीने का पानी कई प्रकार के प्रदूषकों से प्रभावित हो सकता है - जिस तरह भोजन चींटियों और चूहों के द्वारा प्रभावित हो रहा था।
   - प्रत्येक प्रकार के कंटैमिनेशन को नियंत्रित (रोकने या हटाने) के लिए विभिन्न तरीकों की आवश्यकता हो सकती है।
   - भोजन और पानी दोनों को सुरक्षित रखने के लिए कई कदम उठाए जाने चाहिए।
6. प्रतिभागियों को बता दें कि यह पाठ पानी को प्रदूषण से बचाने के गतिविधियों और प्रौद्योगिकियों को संयोजित करने के तरीके पर विचार करेगा।
7. सत्र परिणाम या पाठ का अवलोकन प्रस्तुत करें।

## छोटा समूह मंथन :बाधाओं की पहचान करना (20 मिनट)

1. जल आपूर्ति प्रणाली पाठ के चित्र जो दीवार पर लगे है उसका संदर्भ लें: “जल सुरक्षा के लिए जोखिम।”
   प्रतिभागियों को बताएं: "हम अपने पूर्व पाठ में पहचाने गए प्रदुषण के संभावित स्रोतों को नियंत्रित करने (रोकने या हटाने) के लिए बाधाओं की पहचान करने जा रहे हैं।"
2. बताएं कि एक “बाधा” असुरक्षित पानी पीने के जोखिम को कम करने के लिए उपयोग किए जाने वाले किसी भी व्यवहार या तकनीक को संदर्भित करता है।
3. प्रतिभागियों को पाठ से अपने समूहों में लौटने के लिए कहें :जोखिम से जल सुरक्षा।
4. समूहों को रोटेट कराए ताकि प्रत्येक प्रतिभागी एक दूसरे समूह की जल आपूर्ति प्रणाली पर काम कर सकें। प्रत्येक समूह को स्टिकी नोट्स का एक नया रंग दें।
5. समूहों को उन बाधाओं के लिए ऐसी जुगत (विचारों) के साथ आने के लिए कहें जिनका उपयोग वे अपने सामने फ्लिप चार्ट पेपर पर पानी की आपूर्ति प्रणाली में कंटैमिनेशन के जोखिम को रोकने या कम करने के लिए कर सकते थे। उन्हें प्रत्येक बैरियर को एक अलग स्टिकी नोट पर लिखने के लिए कहें।
   *ट्रेनर टिप :प्रतिभागियों को मुख्य रूप से माइक्रोबायोलोजिकल कंटैमिनेशन के जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहें। यह सुनिश्चित करने के लिए कमरे के चारों ओर जाएं और देखें कि वे स्रोत संरक्षण से सुरक्षित भंडारण तक सभी चरणों में बाधाओं के बारे में सोच रहे हैं। जरूरत पड़ने पर कुछ उदाहरण दें।*

6. कुछ प्रतिभागियों से उन बाधाओं के उदाहरण साझा करने के लिए कहें जिनकी उन्होंने पहचान की थी। उनके जवाब रिकॉर्ड करें और उन्हें (समूह लेबलिंग या श्रेणियों को समझाए बिना) 4 श्रेणियों में दें:
   - स्रोत संरक्षण
   - सुरक्षित परिवहन
   - उपचार
   - सुरक्षित भंडारण
7. पूछें :“मैंने इन उत्तरों को कैसे वर्गीकृत किया है?"
8. बता दें कि ये 4 समूह प्रदुषण के लिए 4 प्रमुख अवरोधों का प्रतिनिधित्व करते हैं :स्रोत संरक्षण, सुरक्षित परिवहन, उपचार और सुरक्षित भंडारण। बाधाओं के सही समूहन के ऊपर प्रत्येक श्रेणी के लिए शीर्षक लिखें।
9. स्पष्ट करें :“इनमें से प्रत्येक श्रेणी में कई अवरोध हैं। इन बाधाओं का उपयोग जल आपूर्ति प्रणाली में कई बिंदुओं पर किया जा सकता है। ” कुछ उदाहरण दीजिए।

## प्रस्तुति: मल्टी-बैरियर एप्रोच (10 मिनट)

1. समझाएं :"बाधाओं की श्रेणियों के समूहिक संयोजन को हम **सुरक्षित पेयजल के लिए मल्टी-बैरियर एप्रोच** कहते हैं। मल्टी-बैरियर एप्रोच के अंतर्गत पीने के पानी के स्रोत से उपयोगकर्ता के गिलास तक सुरक्षित रखने के लिए उपयुक्त व्यवहार और तकनीकों को संयुक्त रूप से प्रयोग करते हैं।
2. समझाएँ :" जल उपचार में, 3 विधियाँ :सेडीमेंटशन (तलछटीकरण), फिल्ट्रेशन और डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण), दोनों घरेलू स्तर एवं सामुदायिक-स्तर पर संदूषण के जोखिम को कम करने के लिए बाधाओं के संयोजन के रूप में उपयोग की जाती हैं| "वर्णन करें कि सामुदायिक-स्तर पर उपचार प्रणाली अक्सर सेडीमेंटशन (तलछटीकरण), फिल्ट्रेशन और डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) का उपयोग कैसे करती है।
3. कमरे के चारों ओर, मल्टी-बैरियर सॉर्टिंग गतिविधि के शीर्षक चिपका दें । बता दें कि ये शीर्षक CAWST के मल्टी-बैरियर एप्रोच में 6 चरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं।
   हर एक को परिभाषित करें:
   - **स्रोत संरक्षण** - बाधाएं जो स्रोत पर पानी में दूषित पदार्थों को जाने से रोकती हैं
   - **सुरक्षित परिवहन**- बाधाएं जो दूषित पदार्थों को स्रोत से उपयोगकर्ता के घर तक पानी परिवहन के दौरान उसमे में प्रवेश करने से रोकती हैं |
   - **उपचार**
     1. **सेडीमेंटशन (तलछटीकरण)** - बड़े कणों को पानी से बाहर निकालने में मदद करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली विधियाँ
     2. **फिल्ट्रेशन** - मेम्ब्रेन या फिल्टर के छोटे छिद्रों से कणों और प्रदूषक पदार्थों को बाहर निकालने के लिए एक विधि
     3. **डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण)** – ऊष्मा, यूवी या रसायनिक जैसे तरीकों के माध्यम से डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) -शेष विषाणुओं को मारना या निष्क्रिय करना
   - **सुरक्षित भंडारण**- अवरोधक जो पानी को पुनर्संक्रमण से सुरक्षित रखते हैं
4. प्रतिभागियों से उनकी कार्यपुस्तिकाओं में "मल्टी-बैरियर एप्रोच" पृष्ठ का उल्लेख करने के लिए कहें और प्रत्येक चरण के तहत नोट्स बनाने के लिए कहे, जिससे याद रखने में मदद मिलेगी।

## चयन गतिविधि: बाधाओं (15 मिनट)

1. प्रतिभागियों को पिछली गतिविधि से अपने समूहों में बने रहने के लिए कहें।
2. समूहों के बीच समान रूप से मल्टी-बैरियर एप्रोच सॉर्टिंग कार्ड को विभाजित करें। समूहों को अपने कार्ड देखने के लिए कुछ मिनट दें। जरूरत पड़ने पर उन्हें समझाएं कि उनके कार्ड पर क्या है।
3. उन्हें दीवार पर सही मल्टी-बैरियर श्रेणी के तहत प्रत्येक कार्ड को चिपकाने के लिए कहें। यदि वे अनिश्चित हैं, तो उन्हें अनुमान लगाने के लिए कहें।
4. मुख्य बिंदुओं को सारांशित करें।

## एच डब्ल्यू टी एस चयन परिदृश्य

हैंडआउट

**परिदृश्य 1**

आप एक व्यवसाय के लिए काम करते हैं जो ग्रामीण जिलों में कई अलग-अलग स्वास्थ्य और स्वच्छता उत्पादों की विक्रय करता है। और आप घरेलू जल उपचार उत्पादों का विक्रय शुरू करना चाहते हैं क्योंकि आपके ग्राहक अक्सर पूछते हैं कि क्या आपके पास कोई घरेलू जल उपचार उत्पाद है। यहाँ आप अपने लक्ष्य किये हुए बाजार के बारे में जानते हैं:

- कई कृषक परिवार (80%) हैं जो मौसम बदलने पर प्रति वर्ष दो बार निवास स्थानान्तरण करते हैं।
- क्लोरीन डिसइन्फेक्शन (विसंक्रमण) का केवल 10% घरों का अनुभव है।
- लगभग 10 घर एक बार एक सिरेमिक पॉट फ़िल्टर पायलट अध्ययन का हिस्सा थे, लेकिन इसके अलग, पानी के फिल्टर के बारे में कोई स्थानीय अनुभव नही है।
- अधिकांश घरों में बरसात के मौसम के पहले तालाब और शुष्क मौसम के दौरान बोरहोल के पानी का उपयोग किया जाता है।

**परिदृश्य 2**

आप एक अंतरराष्ट्रीय गैर- सरकारी संगठन ( आईएनजीओ) के लिए काम करते हैं जो आपात स्थितियों के बाद

मानवीय किट वितरित करता है। आपको ऐसे देश में काम करने के लिए भेजा गया है जहाँ आपके संगठन का कोई पिछला अनुभव नहीं है। भूकंप ने हाल ही में देश के बड़े क्षेत्रों को प्रभावित किया है, और काफी लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं।

आपके आईएनजीओ का क्लोरीन की गोलियों और गुरुत्वाकर्षण द्वारा संचालित मेम्ब्रेन फिल्टर के वितरकों के साथ अच्छे संबंध हैं। अन्य एच डब्ल्यू टी एस विकल्पों को शीघ्रता से खोजने और वितरित करने में बहुत अधिक काम और समय लगेगा। आपको नहीं पता कि प्रभावित क्षेत्रों के लोगों ने अतीत में इन जल उपचार विधियों का उपयोग किया है या नहीं।

**परिदृश्य 3**

आप स्थानीय समुदाय आधारित संगठन के लिए काम करते हैं। जिन सामुदायिक नेताओं के साथ आप कई वर्षों से काम कर रहे हैं, वे उचित एच डब्ल्यू टी एस विकल्प खोजने में मदद का अनुरोध करते हैं। वे चिंतित हैं क्योंकि कुछ पड़ोसी समुदायों में हाल ही में हैजा का प्रकोप हुआ है। समुदाय के कुछ घरों में एक संगठन द्वारा बायोसैंड फ़िल्टर लगभग 5 साल पहले लगाये गये हैं। अन्यथा, समुदाय को एच डब्ल्यू टी एस के लिए बहुत कम जानकारी है। लगभग 50% परिवार स्थानीय कपड़ा कारखानों में काम करते हैं। उनके पास बहुत कम डिस्पोजेबल आय है। वे एक बड़े शहर के करीब रहते हैं जहाँ एक हीं प्रकार की रिटेल दुकाने हैं।

**परिदृश्य 4**

आप और आपका परिवार एक शहरी केंद्र के एक अपार्टमेंट में रहते हैं। आपके पास नल का पानी है, लेकिन इसकी गुणवत्ता विश्वसनीय नहीं है। आप अपने छोटे बच्चों को स्वस्थ रखना चाहते हैं, इसलिए आप एक अतिरिक्त उपचार पद्धति की तलाश में हैं जिसका उपयोग आप अपने घर में कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपका पानी सुरक्षित है। आपके पास पानी की गुणवत्ता परीक्षण उपकरण तक पहुंच नहीं है।

## गतिविधियों का अवलोकन

1. चर्चा: परिचय
2. प्रस्तुति : व्यवहार परिवर्तन क्या है?
3. वर्गीकरण : व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारक
4. ग्रुप मंथन : व्यव्हार परिवर्तन में सहायता (supporting behavior change)
5. व्यक्तिगत विचार : समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. व्यवहार परिवर्तन को प्रभावित करने वाले कारकों का ज्ञान
2. एच डब्ल्यू टी एस के सही, निश्चित और निरंतर उपयोग को अपनाते हुए परिवारों को सहायता देने के लिए रणनीति बनाना

### सामग्री

- ☐ हैंडआउट: एच डब्ल्यू टी एस व्यवहार परिवर्तन उद्धरण (1 पृष्ठ; 5 प्रतियां; पाठ का अंत देखें)
- ☐ हैंडआउट: व्यवहार बदलें तकनीक गाइड (1 पेज; प्रति प्रतिभागी प्रति; पाठ का अंत देखें)
- ☐ RANAS शीर्षक (5 पेज; 1 कमरे के सामने शीर्षक के लिए कॉपी; पाठ का अंत देखें)
- ☐ व्यवहार परिवर्तन को प्रभावित करने वाले कारकों के लिए चार्ट पेपर (20 टुकड़े)
- ☐ फ्लिप चार्ट पेपर (प्रति समूह 1)

### अनुशंसित पाठ

- ☐ RANAS फैक्ट शीट, पर उपलब्ध है https://www.susana.org/en/kn owledge-hub/resources-and-publications/library/details/23 97

**चर्चा: परिचय** (5मिनट)

---

इस परिचय के लिए " पावर पॉइंट : व्यवहार परिवर्तन और एच डब्ल्यू टी एस " का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों से पूछें : "उस समय के बारे में सोचें जब आप अपनी एक निश्चित रूप से बुरी आदत को बदलना चाहते थे लेकिन यह मुश्किल था।"
2. प्रतिभागियों को चुपचाप अपनी आदत या व्यवहार को बदलने के प्रयास के अपने अनुभव पर विचार करने के लिए कहें। उनसे पूछें : "यह कैसे आसान या मुश्किल हो गया?"

   *ट्रेनर टिप : चर्चा को आरंभ करने के लिए, एक व्यक्तिगत उदाहरण दें, जैसे कि धूम्रपान बंद करने , अधिक व्यायाम करने, गलत भोजन करना बंद करने, जल्दी सोने, समय पर काम करने, अपने नाखूनों को चबाना बंद करने, या अधिक दांत साफ करने ।*

3. कुछ प्रतिभागियों से कुछ अनुभव साझा करने के लिए वालंटियर (volunteer) करने के लिए कहें |
4. "सत्र परिणाम "स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें।

**प्रस्तुति: व्यवहार परिवर्तन क्या है?** (5 मिनट)

---

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट : व्यवहार परिवर्तन और एच डब्ल्यू टी एस" का उपयोग करें।

1. स्पष्ट करें :"जैसा कि आपने अपने उदाहरणों में साझा किया है, व्यवहार में बदलाव मुश्किल है। अगर हम लोगों को सही, निश्चित और निरंतर एच डब्ल्यू टी एस का उपयोग करने में मदद करना चाहते हैं, तो हमें व्यवहार परिवर्तन की बुनियादी समझ होनी चाहिए। "
2. प्रत्येक प्रतिभागी को कागज का एक टुकड़ा दें। प्रतिभागियों से चुपचाप व्यवहार और व्यवहार परिवर्तन पर विचार कर परिभाषाये अपने स्वयं के शब्दों में लिखने के लिए कहें।
3. "व्यवहार "और" व्यवहार परिवर्तन "की परिभाषाओं को दिखाने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें।

**वर्गीकरण: कारक जो व्यवहार को प्रभावित करते हैं** (20 मिनट)

---

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट : व्यवहार परिवर्तन और एच डब्ल्यू टी एस " का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों को समझाएं : "हम एच डब्ल्यू टी एस के सही, निश्चित, और निरंतर उपयोग को अपनाने के लिए अपने व्यवहार को बदलने में जिन बाधाओं का सामना करते है पर विचार करने जा रहे हैं।"
2. 5 वालंटियर (volunteer) चुनें। "हैंडआउट : एच डब्ल्यू टी एस व्यवहार परिवर्तन उद्धरण, से उनमें से प्रत्येक को देने के लिए एक उद्धरण का चयन करें। बता दें कि प्रत्येक उदाहरण कुछ कारण बताता है कि एक व्यक्ति या घर सही, निश्चित और निरंतर एच डब्ल्यू टी एस का उपयोग करने के लिए क्यों संघर्ष करता है?
3. वालंटियर (volunteer) से एक-एक करके उनके उदाहरण पढ़ने को कहें। प्रत्येक उदाहरण को पढ़े जाने के बाद, प्रतिभागियों से पूछेइस स्थिति में व्यवहार में बदलाव को किन कारकों ने रोका? प्रत्येक कारक को कागज के एक अलग टुकड़े पर रिकॉर्ड करें और उन्हें दीवार पर चिपका दें।
4. जब सभी उदाहरण पढ़ लिए गए हों, तो प्रतिभागियों को समझाएं) : हंस मोजलर के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने उन कारकों को 5 श्रेणियों में व्यवस्थित किया है जो व्यवहार परिवर्तन को प्रभावित करते हैं।
5. दीवार पर क्षैतिज रूप से 5 शीर्षक (जोखिम, मनोवृत्ति, सामुदायिक चलन, योग्यता, स्व-नियंत्रण ) चिपका कर उनकी व्याख्या करें। *इन 5 श्रेणियों को पावर पॉइंट स्लाइड पर भी दिखा सकते हैं।*
6. जिस पर आपने उदाहरण से कारकों को दर्ज किया था कागज के टुकड़ों पर लौटें । प्रतिभागियों से कहें, एक बड़े समूह के रूप में, आप यह तय करने में मदद करें कि प्रत्येक कारक किस श्रेणी का है।

उन्हें उपयुक्त श्रेणी के अंतर्गत क्रमबद्ध करें।

*ट्रेनर टिप :उत्तर नीचे दी गई तालिका में दिए गए हैं।*

| उद्धरण | जोखिम | मनोवृत्ति | सामुदायिक चलन | योग्यता | स्व-नियंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वास्थ्य को प्रभावित किए बिना हमेशा इस तरह किया | | समुदाय में कोई भी उनके पानी का उपचार नहीं करता है | | |
| 2 | | बदबू और स्वाद खराब | | पता नहीं कैसे उनके पास निर्देश भी नहीं हैं जो वे पढ़ सकते हैं | |
| 3 | | मैं नही समझता पानी फिल्टर होने के लिए प्रतीक्षा करना उचित है | | | माँ के चले जाने पर आगे की योजना बनाना भूल जाना |
| 4 | | लगता है कि नए बर्तन पर समय और पैसा खर्च करना उचित नहीं है | | समय, धन और बदलने वाले कल पुर्जों की आस-अनुपलब्धता | |
| 5 | | फिल्टर भद्दा है | दूसरे लोग सोचेंगे कि हम गरीब हैं और पानी खराब है | | |

7. प्रतिभागियों से पूछें : आप जिन समुदायों में काम करते हैं "क्या उनसे परिचित कारण आप यहाँ दर्ज कर चुके हैं?"
8. पूछें : "कोई अन्य कारण हैं जो लोगों ने आपको दिया है कि वे एच डब्ल्यू टी एस का सही, निश्चित और निरंतर उपयोग क्यों नहीं कर पाए हैं?" प्रतिभागियों द्वारा उल्लिखित किन्हीं अतिरिक्त कारणों को जोड़ें और उन्हें सही श्रेणी में रखें।
9. प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी कार्यपुस्तिकाओं में प्रत्येक RANAS श्रेणी के लिए 1 उदाहरण लिखने के लिए कहें।

## ग्रुप मंथन: व्यव्हार परिवर्तन में सहायता (supporting behavior change) (20 मिनट)

1. प्रतिभागियों से कहें :"अब जब हमने ऐसे कारणों पर ध्यान दिया है कि क्यों लोग एच डब्ल्यू टी एस का सही, एक समान और लगातार उपयोग नहीं कर सके, तो आइए हम इस बारे में बात करते हैं जिससे व्यवहार परिवर्तन के लिए उनकी सहायता कर सकें।"
2. प्रतिभागियों को 3-4 लोगों के समूह में विभाजित करें।
3. प्रत्येक समूह से 2 कारणों का चयन करने के लिए कहें कि कोई व्यक्ति एच डब्ल्यू टी एस को क्यों नहीं अपना सकता है। उदाहरण के लिए मुझे लगता है कि क्लोरीन से बदबू आती है और स्वाद खराब होता है "और" मुझे नहीं पता कि इसका उपयोग कैसे करना है।"
4. प्रतिभागियों से पूछें :"एक कार्यान्वयन संगठन के रूप में, आप इन चुनौतियों का सामना करने वाले परिवारों की व्यवहार परिवर्तन के लिए कैसे सहायता करेंगे ?" प्रतिभागियों से विचार मंथन के लिए कहें और फ्लिप चार्ट पेपर पर उनके उत्तर लिखें।
5. प्रत्येक समूह को विचार मंथन के लिए 5 मिनट दें। जब उनके पास कुछ मिनट बचे, तो प्रतिभागियों को हैंड-आउट की एक कॉपी दें और उन्हें हैंड-आउट से फ्लिप्चार्ट पर अपने विचार लिखने को कहें।
6. प्रत्येक समूह को पूरे समूह के साथ 1-2 विचार साझा करने के लिए कहें। आवश्यकतानुसार सुझाव जोड़ें। जैसे ही लोग अपने विचारों को साझा करते हैं, प्रत्येक प्रतिभागी को व्यव्हार परिवर्तन अंतर्गत अपनी कार्यपुस्तिकाओं में 1-2 विचारों को रिकॉर्ड करने के लिए कहें।

> ट्रेनर टिप
> आप प्रत्येक समूह को **5** में से **1** उद्धरण दे सकते हैं, या आप उन्हें **2** कारकों में से किसी भी संयोजन को चुनने की अनुमति दे सकते हैं।

> प्रमुख बिंदु
> - व्यवहार परिवर्तन तकनीकों को उन कारण से मेल खाना चाहिए जो लोगों को व्यवहार अपनाने के लिए यह महत्वपूर्ण प्रेरित करते या रोकते हैं।
> - अकेले स्वास्थ्य संदेश पर ध्यान केंद्रित करना आमतौर पर आधारभूत कारणों को संबोधित नहीं करता है कि लोग एच डब्ल्यू टी एस का उपयोग क्यों नहीं कर रहे हैं।
> - यह महत्वपूर्ण है कि लोगों को क्या प्रेरित करता है को समझें और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया दें ।

## व्यक्तिगत विचार: समीक्षा (5 मिनट)

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट: व्यवहार परिवर्तन और एच डब्ल्यू टी एस" का उपयोग करें।

1. स्पष्ट करें : "यह एक बहुत संक्षिप्त अवलोकन है कि शोधकर्ता व्यवहार निर्धारकों को कैसे वर्गीकृत करते हैं और कुछ रणनीतियों का परिचय देते हैं जिनका उपयोग व्यवहार परिवर्तन का समर्थन करने के लिए किया जा सकता है।"
2. प्रतिभागियों को उस आदत या व्यवहार के बारे में सोचने के लिए कहें जो उन्होंने कहा था कि वे बदलना चाहते थे। इन सवालों पर चुपचाप विचार करने के लिए कहें
   - RANAs मॉडल की किन श्रेणियों का आपके लिए उस व्यवहार पर सबसे अधिक प्रभाव है?
   - उस व्यवहार को बदलने के लिए किस तरह का समर्थन आपके लिए सबसे अधिक सहायक होगा?
3. कुछ प्रतिभागियों से वालंटियर (volunteer) कर अपने विचार साझा करने के लिए कहें।

4. मुख्य बिंदुओं को सारांशित करें।

## एच डब्ल्यू टी एस व्यवहार परिवर्तन उदाहरण

भाव 1

"मैं एक छोटे समुदाय में एक WASH प्रमोटर हूं। मैं एक घर में पहुँचा और मैंने एक गिलास पानी माँगा। मैंने देखा पिता ने एक गिलास पानी, बाल्टी से सीधे मेरे गिलास में डाला। पानी गंदला और मटमैला था। मैंने पूछा कि वे अपने पानी का उपचार क्यों नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा इस पानी का उपयोग बिना उपचार के किया है, और यह उनके स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि समुदाय में हर कोई ऐसे ही पानी पीता है।"

भाव 2

"नहीं, मैं अपने पानी का उपचार नहीं करता। किसी ने हमें क्लोरीन दिया, लेकिन इसमें बदबू आ रही थी और हम इसका स्वाद पसंद नहीं कर रहे थे। हम यह भी नहीं जानते कि इसका उपयोग कैसे किया जाए, क्योंकि निर्देश उस भाषा में हैं जिसे हम पढ़ नहीं सकते हैं।"

भाव 3

"मेरी माँ हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए इस पानी के फिल्टर का उपयोग करती है कि हम सुरक्षित पानी पी रहे हैं। लेकिन फ्लो रेट धीमे होने से पानी को फ़िल्टर होने में लंबा समय लगता है। जब हमारी माँ चली जाती है, तो हम आमतौर पर स्कूल जाने से पहले सुबह फ़िल्टर भरना भूल जाते हैं। जब हम स्कूल से घर वापस आते है, तो हम प्यासे होते हैं और अपने पानी को फ़िल्टर करने के लिए पानी के फ़िल्टर होने का इंतजार नहीं करना चाहते हैं। इसलिए, हम इसे फ़िल्टर किए बिना पीते हैं।"

भाव 4

"मैं एक घरेलू जल उपचार परियोजना के दौरे पर पर था। मैं एक घर में पहुंचा, जहां हमने एक सिरेमिक पॉट फिल्टर उपलब्ध कराया था। सिरेमिक पॉट टूट गया था। उन्होंने कहा कि किसी ने बर्तन साफ करते समय इसे गिरा दिया, और

उनके पास शहर में जाने के लिए पर्याप्त पैसा या समय नहीं था जहां मिटटी के बर्तन खरीदे जा सकते है । उन्हें लगता है कि बर्तन में बहुत पैसा खर्च होता है और कीमत के लायक नहीं है।

भाव 5

"क्या आप चाहते हैं कि मैं उस बदसूरत फिल्टर का उपयोग करूं? यह वही है जो वे पास के शहर के गरीब लोगों को देते हैं। जब मेरा परिवार शहर से आता है, तो वे इसे देखते हैं और वे सोचते हैं कि हमें वास्तव में गंदे पानी का उपयोग करते है और एक अच्छे फिल्टर पर खर्च करने के लिए हम सक्षम नहीं हैं।"

**व्यवहार परिवर्तन तकनीक गाइड**

| |
|---|
| **जोखिम (RISK) - जोखिम के बारे में एक व्यक्ति की समझ और जागरूकता।** |
| 1. वर्तमान में स्वास्थ्य और उनके स्वास्थ्य सुरक्षा या सुरक्षा के जोखिम के बारे में तथ्य और जानकारी। |
| 2. अगर वे उचित व्यवहार को नहीं अपनाते हैं तो होने वाले जोखिम, नुकसान के डर को हाइलाइट करें। |
| 3. सम्बंधित व्यवहार के विषय में कुछ बुरी घटना की संभावना के बारे में जानकारी दें या कहानियां प्रस्तुत करें। |
| **मनोवृत्ति (ATTITUDE) - व्यवहार संबंधित विश्वास और भावनाओं के लाभ और हानि** |
| 1. व्यवहार सम्बंधित हानि और लाभों पर जानकारी और सलाह प्रदान करें। जैसे: कोई साबुन, या क्लोरीन की गोलियों पर पैसा खर्च नहीं करना चाहता; समझाओ कि क्लोरीन की कीमत बीमार होने पर आवश्यक दवा की कीमत से बहुत कम है। |
| 2. व्यवहार से संबंधित सकारात्मक भावनाओं का वर्णन करें (सुरक्षा, सम्मान, गरिमा, गर्व, आदि) । |
| 3. व्यवहार संबंधित नकारात्मक भावनाओं (घृणा, शर्मिंदगी इत्यादि) के परिणामों का वर्णन करें। |
| 4. उचित व्यवहार को अपनाने के लिए एक इनाम का प्रयोग करें । |
| **सामुदायिक चलन (NORM) - उचित व्यवहार के बारे में समुदाय क्या करता है और क्या सोचता है।** |
| 1. चर्चा करें कि समुदाय में अन्य लोग पहले से ही कैसे उचित व्यवहार को अपना रहे हैं और अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो पीछे छुट जायेंगे । |
| 2. पूरे समुदाय के विकास और हर किसी को शामिल करने के लिए परिवर्तन की घोषणा करने के महत्व पर चर्चा करें, चर्चा करें कि कोई घर कैसे अग्रनिय बन सकता है। उदहारण: जिस घर ने पहले से उचित व्यवहार अपनाया है, दूसरों को बताएं और उनके घर पर एक पोस्टर या स्टार लगायें । |
| 3. उनसे पूछें कि क्या अन्य लोग अपने व्यवहार को स्वीकार या अस्वीकार करेंगे। |
| 4. समुदाय से समर्थन प्राप्त करें। उदहारण: खुले शौचालय को रोकने के लिए एक सामुदायिक योजना बनाना । |
| **योग्यता (ABILITY) - व्यवहार को अपनाने के लिए व्यक्तिगत क्षमता, या क्षमता की धारणा** |
| 1. उन्हें कुछ सिखाएं, या खुद उचित व्यवहार का प्रदर्शन करें। |
| 2. उन्हें आवश्यक चीजों तक उनकी पहुंच बनाने में उनकी सहायता करें। उदहारण: बाजार में व्यापारियों से बात करें। |
| 3. उन्हें उनके व्यवहार पर प्रतिक्रिया दें (इसे सही तरीके से / गलत तरीके से किया), और उन्हें प्रेरित करने के लिए प्रशंसा करें। |

| स्व-नियंत्रण (SELF- CONTROL) - व्यवहार जारी रखने के लिए बाधाएं, भटकाव, या समर्थन। |
|---|
| 1. उन्हें आगे की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित करें; उदहारण: थोक में क्लोरीन या साबुन खरीदना। |
| 2. उचित व्यवहार को अपनाने के बाद उन्होंने कितनी अच्छी तरह से किया है इस पर प्रतिक्रिया दें। |
| 3. उचित व्यवहार करने और अवांछित व्यवहार से बचने के लिए अनुस्मारक (बार- बार याद दिलाने हेतु) बनाने में उनकी सहायता करें। |
| 4. उन्हें असफलताओं का पूर्वानुमान लगाने व् बचने हेतु योजना बनाने में मदद करें। |
| 5. चर्चा करें कि सकारात्मक व्यवहार को अपनाना अब उनकी पहचान का हिस्सा है और वे अपने समुदाय में दूसरों के लिए रोल मॉडल हैं। |

# जोखिम



## जोखिम के बारे में एक व्यक्ति की समझ और जागरूकता

*उदाहरण: असुरक्षित पानी पीने से,   मैं दस्त से बहुत बीमार हो सकता था.*

# मनोवृति

## व्यवहार संबंधित विश्वास और भावनाओं के लाभ और हानि

*उदाहरण: मुझे अच्छा लगता है जब मेरे फिल्टर से एक कप साफ, स्वादिष्ट पानी निकलता है।*

# सामुदायिक चलन

**उचित व्यवहार के बारे में समुदाय क्या करता है और क्या सोचता है।**

*उदाहरण :जब मैं अपने पीने के पानी को क्लोरीन करता हूं तो मेरे रिश्तेदार मंजूर करते हैं।*

# योग्यता 

## व्यवहार को अपनाने के लिए व्यक्तिगत क्षमता , या क्षमता की धारणा

*उदाहरण:  मुझे अपनी क्षमता पर भरोसा है की मैं जल उपचार प्रणाली का उपयोग सही से कर सकता हूँ*

# स्व नियंत्रण

## व्यवहार जारी रखने के लिए बाधाएं ,  भटकाव , या समर्थन

*उदाहरण: मैं हर रात सोने से पहले पानी का फ़िल्टर भर कर सोता हूँ*

## गतिविधियों का अवलोकन (85 मिनट)

1. जोड़ी में चर्चा: परिचय
2. प्रस्तुति : कार्यान्वयन के घटक
3. केस स्टडी विश्लेषण : कार्यान्वयन उदाहरण
4. पासिंग बॉल : समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन के लिए आवश्यक घटकों की सूची
2. प्रत्येक घटक का महत्व
3. दिए गए एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन मामले के अध्ययन में उपयोग की गई एप्रोच का विश्लेषण

### सामग्री

- पावर पॉइंट: एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन
- एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन केस स्टडीज (3 से 5 अलग-अलग केस स्टडीज का चयन करें; प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 1 केस स्टडी के लिए पर्याप्त प्रतियां)
- छोटी गेंद या वस्तु

### अनुशंसित पाठ

- संक्षिप्त तकनीकी विवरण : घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण( एच डब्ल्यू टी एस) का कार्यान्वयन

## जोड़ी में चर्चा : परिचय (5 मिनट)

इस परिचय के लिए "पावर पॉइंट : एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन" का उपयोग करें।

1. स्पष्ट करें :"हमने कुछ कारकों पर चर्चा की है जो एक व्यक्ति या एक परिवार द्वारा एच डब्ल्यू टी एस का सही, निश्चित और निरंतर उपयोग को प्रभावित करेंगे। उन विचारों को ध्यान में रखते हुए, हम अब आपके कार्यक्रम या परियोजना के लिए आवश्यक घटकों को देखने जा रहे हैं, जिससे लम्बे समय में व्यवहार परिवर्तन को सफलता प्राप्त करने की बेहतर सम्भावना हो|"
2. प्रतिभागियों को एक साथी का चयन करने के लिए कहें। प्रतिभागियों से कहें :"इस सप्ताह अब तक की चर्चा और अपने स्वयं के पिछले अनुभव के बारे में सोचें। यदि आप अभी एक नई एच डब्ल्यू टी एस परियोजना शुरू करने जा रहे हैं, तो आप अपने प्रोजेक्ट प्लान में किन किन चीजों को शामिल करेंगे?"
3. कुछ मिनटों के बाद, लोगों से अपने विचार साझा करने के लिए कहें। प्रतिभागीओं के सामने उनके विचारों को फ्लिप्चार्ट पर लिखें|
4. "सत्र परिणाम" स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें।
5. प्रतिभागियों को स्पष्ट करें कि यह कार्यक्रम नियोजन पर एक व्यापक कार्यशाला नहीं है। प्रतिभागियों को अन्य प्रासंगिक संसाधनों का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## प्रस्तुति: कार्यान्वयन के घटक (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए पावर पॉइंट : "एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन का उपयोग करें।

1. ऊपर चर्चा से रिकॉर्ड किए गए विचारों की सूची देखें।
2. समझाएँ :"CAWST 6 समूहों में कार्यान्वयन के घटकों को व्यवस्थित करता है। यह व्यवस्था शोध और सैकड़ों CAWST की तकनीकी सहायता प्राप्त कार्यान्वयन संगठनों के अनुभव पर आधारित हैं। "
3. प्रत्येक 6 घटकों को दिखाने और उनका वर्णन करने के लिए पावर पॉइंट स्लाइड का उपयोग करें। यह दिखाने के लिए उदाहरण दें कि इन 6 श्रेणियों के भीतर विचार कैसे फिट होते हैं।
4. प्रत्येक घटक के लिए प्रतिभागियों से पूछें ऐसी कौन सी संभावित समस्याएं है जो कार्यान्वयन द्वारा संबोधित नही हो पाती ?

   *ट्रेनर टिप :तकनीकी संक्षिप्त : घरेलू जल उपचार और सुरक्षित भंडारण का कार्यान्वयन देखें।*

5. प्रतिभागियों से पूछें" :क्या एक संगठन हमेशा कार्यान्वयन के सभी 6 घटकों का ध्यान रखता है?" नहीं . विभिन्न स्टेकहोल्डर विशिष्ट घटकों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जो कि उनके अनुभव और रुचि के अनुरूप हैं।

## केस स्टडी विश्लेषण: कार्यान्वयन उदाहरण (60 मिनट)

इस गतिविधि के लिए पावर पॉइंट : "एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन" का उपयोग करें।

1. स्पष्ट करें :अब हम कुछ वास्तविक उदाहरणों पर ध्यान देंगे कि कैसे लोगों ने इन 6 घटकों को विभिन्न एच डब्ल्यू टी एस कार्यक्रमों में लागू किया।
2. प्रत्येक प्रतिभागी को 1 केस स्टडी की कॉपी दें।
3. भाग 1 (व्यक्तिगत विचार के लिए निर्देश दें:
   - प्रतिभागियों को बताएं कि उनके पास केस स्टडी को पढ़ने के लिए 10-15 मिनट होंगे। उन पर विचार करने के लिए कहें:
     i. इस कार्यान्वयन एप्रोच की कुछ सामर्थ्य/अच्छाईयां क्या हैं?
     ii. कुछ कमजोरियां या सुझाव जो आप कार्यान्वयनकर्ता को बताना चाहेंगे?
4. भाग 2 (समूह कार्य के लिए निर्देश दें:
   - पूरे समूह से उन सभी प्रतिभागियों से खोज कर साथ आने के लिए कहें जो प्रतिभा एक ही केस स्टडी का अध्ययन कर रहे है से इसमें 4-8 प्रतिभागियों के समूह का समायोजन होना चाहिए।

- प्रतिभागियों से कहें कि वे कल्पना करें की उनका समूह एक परामर्श फर्म है जिसे केस स्टडी में उपक्रम का मूल्यांकन करने के लिए कहा गया है। उन्हें अपनी कार्यपुस्तिकाओं में निम्नलिखित के उत्तर लिखने के लिए कहें:
  i. इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से समझने के लिए आप क्या सवाल पूछेंगे?
  ii. आप अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में किन सामर्थ्य को दर्शाएंगे?
  iii. उनके कार्यान्वयन की स्थिरता और प्रभावशीलता को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?
- कमरे के चारों ओर जाएं और प्रतिभागियों से केस स्टडी का विश्लेषण करने में मदद करने के लिए सवाल पूछें।

5. भाग 3 के लिए निर्देश दें (पूरे समूह के साथ साझा करें)
   - 10-15 मिनट की चर्चा के बाद, प्रत्येक समूह को अपने समूह का प्रतिनिधित्व करने के लिए 1 व्यक्ति चुनने के लिए कहें। वह व्यक्ति जो:
     i. संक्षेप में उनके केस स्टडी के अध्ययन में एप्रोच या मॉडल को संक्षेप में प्रस्तुत करेगा
     ii. उनके समूह द्वारा चर्चा की गई 1 या 2 दिलचस्प बिंदुओं को हाइलाइट करेगा
6. चर्चा से आम विषयों को सारांशित करें। 6 घटकों की समीक्षा करें।,

## गेंद को पास करें: समीक्षा करें (10 मिनट)

1. प्रतिभागियों को एक सर्कल में खड़े होने के लिए कहें। 1 व्यक्ति को एक गेंद या अन्य कोई छोटी वस्तु दें।
2. प्रतिभागी से गेंद के साथ 1 नया विचार या 1 प्रश्न साझा करने के लिए कहें जो एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन के बारे में है।
3. उस व्यक्ति के शेयर करने के बाद, उन्हें किसी अन्य प्रतिभागी से अनियमित रूप से गेंद को टॉस करने के लिए कहें।
4. जारी रखें जब तक कि सभी ने 1 नया विचार या 1 प्रश्न साझा नहीं किया है। प्रश्नों और टिप्पणियों के लिए आवश्यकतानुसार प्रतिक्रिया दें।
5. इस पाठ में उभरे प्रमुख बिंदुओं को संक्षेप में लिखें।

## गतिविधियों का अवलोकन

1. चर्चा: परिचय
2. चर्चा : क्या परीक्षण करें?
3. प्रस्तुति और प्रदर्शन :स्वीकार्यता मानदंड
4. प्रस्तुति और वैकल्पिक प्रदर्शन: माइक्रोबायोलॉजिकल मानदंड
5. प्रस्तुति : रासायनिक मानदंड
6. परिदृश्य : क्या परीक्षण करें? वैकल्पिक
7. प्रश्नोत्तरी : समीक्षा

## सत्र परिणाम

इस सत्र के अंत में, प्रतिभागी इसमें सक्षम होंगे:

1. जल गुणवत्ता परीक्षण का सफल एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयन में योगदान का ज्ञान
2. सामान्य जल गुणवत्ता मापदंडों के लिए कैसे परीक्षण किया जाए
3. किसी दिए गए परिदृश्य के लिए प्राथमिकता तय करने के लिए मानदंड तय करना

| सामग्री | अनुशंसित पाठ |
|---|---|
| ☐ हैंडआउट: जल गुणवत्ता परीक्षण परिदृश्य (1 पेज; प्रति समूह 2 प्रतियां; पाठ का अंत देखें)<br>☐ पावरपॉइंट: पानी की गुणवत्ता परीक्षण<br>☐ पानी की तीन बाल्टी जिनमे पानी के गंदलेपन का स्तर अलग हैं<br>☐ पानी की गुणवत्ता परीक्षण प्रदर्शन के लिए (जो भी उपलब्ध है और प्रतिभागियों के लिए प्रासंगिक है)<br>☐ फ्लिपचार्ट पेपर<br>☐ मार्कर | ☐ संक्षिप्त तकनीकी विवरण : एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ताओ के लिए पीने के पानी की गुणवत्ता का परिचय<br>☐ पेयजल गुणवत्ता परीक्षण मैनुअल |

## चर्चा: परिचय (5 मिनट)

इस परिचय के लिए "पावर पॉइंट: पेयजल गुणवत्ता परीक्षण" का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों को समझाएं कि यह पाठ जल गुणवत्ता परीक्षण पर केंद्रित है।
   पूछें : आपको अपने एच डब्ल्यू टी एस कार्य में पानी की गुणवत्ता परीक्षण क्यों शामिल करना चाहिए? समूह के सामने प्रतिभागियों के उत्तर लिखें। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त विचारों का सुझाव दें। नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण के कारण यह हो सकते हैं:
   - यह समझने में आपकी सहायता कर सकता है कि आपकी एच डब्ल्यू टी एस पहल कितनी अच्छी तरह काम कर रही है
   - आपको घरेलू व्यवहारों के साथ संभावित मुद्दों की पहचान करने में मदद करता है (उदाहरण के लिए, तकनीकों का अनुचित उपयोग और अनुचित व्यव्हार के कारण भंडारण में पुनर्संक्रमण)
   - आपको आश्वासन देता है कि आप जिस विधि को बढ़ावा दे रहे हैं और जिसको लागू कर रहे हैं वह प्रभावी है
   - आपको पानी की गुणवत्ता के आधार पर उपयुक्त एच डब्ल्यू टी एस सिस्टम का चयन करने में मदद करता है
2. प्रतिभागियों को किसी पानी की गुणवत्ता परीक्षण सम्बंधित अनुभव का वर्णन करने के लिए कहें।

   *ट्रेनर टिप : अगले भाग में आपके द्वारा उपयोग किए जाने वाले विवरण का स्तर प्रतिभागियों के पूर्व अनुभव पर निर्भर करेगा।*

3. "सत्र परिणाम" स्लाइड पेश करें या पाठ का अवलोकन प्रदान करें।

## चर्चा: क्या टेस्ट करें? (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट: पेयजल गुणवत्ता परीक्षण "का उपयोग करें।

1. पूछें : पीने के पानी की गुणवत्ता के 4 पहलुओं को कौन याद रख सकता है? प्रतिभागियों को सूचीबद्ध करने के बाद, उन्हें पावर पॉइंट स्लाइड पर परिभाषाएँ दिखाएं।
   - माइक्रोबायोलोजिकल, रासायनिक (केमिकल), रेडियोलॉजिकल, भौतिक
2. प्रतिभागियों से पूछें : आप जिन समुदायों में कार्य करते हैं वहां पानी की गुणवत्ता के किन पहलुओं का परिक्षण करना चाहते हैं?

   *ट्रेनर नोट :उत्तर अलग-अलग हो सकते हैं। जोर दें कि रेडियोलॉजिकल परीक्षण बहुत कम आवश्यक है। अध्ययन या माप के लिए अन्य पहलू अक्सर सहायक होते हैं।*

3. समझाएँ :"हम पीने के पानी की गुणवत्ता के लिए कुछ सामान्य मानकों को देखने जा रहे हैं और यह भी देखेंगे की आप उनका परीक्षण कैसे करेंगे। हम माइक्रोबायोलोजिकल, रासायनिक और भौतिक मापदंडों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। "
4. पूछें: क्या कोई मानदंड परिभाषित कर सकता है? फिर, पावर पॉइंट स्लाइड पर परिभाषा दिखाएं।
5. पूछें : जब आप यह तय करना चाहते हैं कि क्या परीक्षण करना है, और कब, आपको किन चीजों पर विचार करना होगा?
   उनके जवाब रिकॉर्ड करें और चर्चा करें। उदाहरणों में शामिल हैं:
   - सूचना का उपयोग कैसे किया जाएगा
   - परीक्षण की लागत
   - मानव संसाधन और कौशल (योजना, संग्रह, इनपुट, विश्लेषण, रिपोर्टिंग परिणाम)
   - आवश्यक उपकरण
   - जोखिम की पहचान (क्षेत्र में आम बीमारियों और प्रदूषण, जल आपूर्ति प्रणाली में पहचाने जाने वाले जोखिम)

- कौन से मानकों या दिशानिर्देशों का उपयोग करना है

6. प्रमुख बिंदुओं को सारांशित करें।
7. स्पष्ट करें कि कौन सा मानदंड परीक्षण करना है और कितनी बार, यह तय करना एक जटिल निर्णय है। प्रतिभागियों को बताएं कि वे अब देखेंगे कि कैसे परीक्षण करना है|

**प्रमुख बिंदु**

- आपके द्वारा मापे जाने वाले मानदंड उपयोगी होने चाहिए। उन मापदंडों को मापने का कोई मतलब नहीं है जो आपके लिए उपयोगी नही हैं।
- एकत्र किए गए डेटा को निर्णय लेने (एच डब्ल्यू टी एस सिस्टम चुनने में मदद करना), जवाबदेही का समर्थन करने (यह ट्रैक करके कि क्या आपने प्रायोजक और समुदाय के सदस्यों से जिस गुणवत्ता और सुधार का वादा किया हैं), सुधार/विकास के लिए (उन क्षेत्रों की पहचान करने में जहाँ आपकी मदद आवश्यक है।)

## प्रस्तुति और प्रदर्शन: स्वीकार्यता पहलू (10-15 मिनट)

इस गतिविधि के लिए " पावर पॉइंट : जल गुणवत्ता परीक्षण" का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों को याद दिलाएं कि स्वीकार्यता के पहलू पानी की गुणवत्ता के उन पहलुओं को संदर्भित करते हैं जो "उपभोक्ता पानी पीने के बारे में कैसा महसूस करते हैं" को प्रभावित करते हैं।
2. पूछें पानी के कुछ स्वीकार्यता पहलू क्या हैं जिन्हें आप स्वयं माप सकते हैं?
    - रंग (और रसायन जो रंग को प्रभावित करते हैं, जैसे कि लोहा और मैंगनीज)
    - तापमान
    - टरबिडिटी- पानी में उपस्थित धुल मिट्टी के कण जो गंदलापन पैदा करते हैं
    - टोटल डिसॉल्वड सॉलिड्स (टीडीएस)
    - हार्डनेस (कठोरता)
3. बताएं कि टर्बिडिटी आमतौर पर मापा जाने वाला मानदंड है।
   प्रतिभागियों से पूछें: आप एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ता के रूप में मैलापन को क्यों मापना चाहेंगे?
    - ज्यादा मैलापन उच्च माइक्रोबायोलॉजिकल कंटैमिनेशन का संकेत दे सकता है।
    - टर्बिड पानी कुछ एच डब्ल्यू टी एस विधियों जैसे कि सोडिस, क्लोरीनीकरण और कुछ फिल्टर के लिए उपयुक्त नहीं है। इन तरीकों का उपयोग करने से पहले पानी को पहले फ़िल्टर किया जाना चाहिए।
    - फ़िल्टर करने से पहले और बाद में टर्बिडिटी का परीक्षण यह जांचने में मदद कर सकता है कि फिल्टर काम कर रहा है या नहीं।
4. प्रतिभागियों को 3 बाल्टी पानी दे :1 साफ पानी के साथ, 1 थोड़े गंदले पानी के साथ, और 1 ज्यादा गंदले पानी के साथ। पूछें" :आप इन पानी के मैलापन को कैसे मापेंगे?"
5. प्रतिभागियों को टर्बिडिटी परीक्षण के लिए कई विकल्प दिखाएँ:
    - विभिन्न टर्बिडिटी के पानी के साथ एक टर्बिडिटी ट्यूब का उपयोग करें
    - 2 लीटर की प्लास्टिक की बोतल को स्रोत पानी से भरे (बोतल को इस पाठ योजना के शीर्ष पर रखें, और अगर बोतल के शीर्ष के माध्यम से CAWST का लोगो दिखाई देता है, तो पानी में संभवतः 50 NTU से कम की टर्बिडिटी है)
    - यदि उपलब्ध हो, एक डिजिटल टर्बिडमीटर का उपयोग करें
6. आपके द्वारा दिखाए गए तरीकों के कुछ लाभों और सीमाओं पर संक्षेप में चर्चा करें ( लागत, आवश्यक उपकरण और सटीकता) ।

7. बताएं कि अधिकांश मापदंडों के लिए पानी की गुणवत्ता परीक्षण के विकल्प कुछ सस्ते और व्यावहारिक से जटिल और महंगे हैं। विकल्प का चुनाव आमतौर पर आवश्यक परीक्षणों की संख्या और उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करता है।
8. वैकल्पिक : यदि आपके पास उचित उपकरण उपलब्ध हैं, तो तापमान, रंग और टीडीएस जैसे अन्य भौतिक /स्वीकार्यता पहलुओं के लिए परीक्षण प्रदर्शित करें।

## प्रस्तुति और वैकल्पिक प्रदर्शन: माइक्रोबायोलॉजिकल पहलू (10-30 मिनट)

इस गतिविधि के लिए "पावर पॉइंट: जल गुणवत्ता परीक्षण " का उपयोग करें।

1. पूछें : क्या आपको विषाणुओं के 4 समूह याद हैं?" प्रतिभागियों को उन्हें सूचीबद्ध करने के बाद, पावर पॉइंटस्लाइड पर चित्र दिखाएं।
   - वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोजोआ, हेलमन्थ्स
2. पूछें" : पानी में होने वाले कई अलग अलग सूक्ष्मजीवों को देखते हुए, आप अपने पानी के नमूने में किन सूक्ष्मजीवों का परीक्षण करेंगे?"
3. बता दें कि पानी में हर संभव विषाणु के लिए परीक्षण बहुत समय लेने वाला, जटिल और महंगा है। आमतौर पर फीकल कंटैमिनेशन के परीक्षण के लिए "संकेतक बैक्टीरिया" का उपयोग किया जाता है। डब्लूएचओ (WHO) दिशानिर्देश : 100 मिलीलीटर पानी के सैंपल में ई –कोलाई की उपस्थिति शून्य होनी चाहिए ।
4. बता दें कि बिना संकेतक बैक्टीरिया वाले पानी में अभी भी रोगजनक तत्व हो सकते हैं।
   पूछें: "एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ताओं के रूप में, यह संभावना आपके लिए महत्वपूर्ण क्यों है?"
   - एच डब्ल्यू टी एस कार्यान्वयनकर्ताओं को बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता है कि वे परिणामों की व्याख्या और संवाद कैसे करते हैं।
   - कुछ उपचार विधियां बैक्टीरिया के खिलाफ बहुत प्रभावी हो सकती हैं लेकिन अन्य विषाणुओं के खिलाफ नहीं। उदाहरण के लिए, कुछ प्रोटोजोआ क्लोरीन के लिए प्रतिरोधी हैं और संकेतक बैक्टीरिया के असक्रिय होने के बाद भी पानी में हो सकते हैं।
   - विषाणुओं के परिक्षण में काफी समय लगता है इसलिए जब तक कंटैमिनेशन का पता चलता है, तब तक लोगों को विषाणुओं से बचाने के लिए बहुत देर हो सकती है। इसलिए मल्टी बैरियर एप्रोच के माध्यम से जोखिम कम करना वास्तव में महत्वपूर्ण है।
5. 3 प्रकार के माइक्रोबायोलोजिकल परीक्षणों का उपयोग करते हुए विधियों का प्रदर्शन (या वर्णन) करें:
   - उपस्थिति-अनुपस्थिति– परिक्षण के द्वारा हम 1 भी बैक्टीरिया की उपस्थिति जाँच सकते हैं , लेकिन उनकी वास्तविक संख्या का पता नहीं लगा सकते |
   - सबसे संभावित संख्या परीक्षण- यह उपस्थिति -अनुपस्थिति के अपेक्षा में उच्चस्तरीय और अधिक सटीक परीक्षण है।
   - मेम्ब्रेन फिल्ट्रेशन जल गुणवत्ता परीक्षण- उच्चतम स्तरीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर सटीक परिक्षण है|
6. प्रत्येक विकल्प के लाभों और सीमाओं पर चर्चा करें।
7. मुख्य बिंदुओं को सारांशित करें।

**प्रमुख बिंदु**

- संकेतक प्रजातियां सूक्ष्मजीव हैं जिनकी पानी में उपस्थिति संकेत करता है कि फीकल कंटैमिनेशन की संभावना है। उदाहरण के लिए सूचक बैक्टीरिया में ई–कोलाई, थर्मोटोलेरेंट कोलीफॉर्म और $H_2S$ बैक्टीरिया शामिल हैं।
- अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग तरीके लागू होते हैं। एच डब्ल्यू टी एस विधियों की दक्षता के परिक्षण के लिए ( उपचार के पहले या बाद में ) मेम्ब्रेन फिल्ट्रेशन आमतौर पर पसंद किया जाता है।

## प्रस्तुति: रासायनिक मानदंड (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए " पावर पॉइंट : जल गुणवत्ता परीक्षण" का उपयोग करें।

1. प्रतिभागियों को पानी की गुणवत्ता के पाठ पर वापस सोचने के लिए कहें।
   पूछें : "आप किसी दिए गए पानी की आपूर्ति में किस रसायन का परीक्षण करना चाहेंगे?"
   - आर्सेनिक, फ्लोराइड और नाइट्रेट
   - रासायनिक मानदंड जो स्वीकार्यता को प्रभावित करते हैं, जैसे टीडीएस, मैंगनीज, लोहा और पीएच
   - क्लोरीन शेष(यदि क्लोरीन उपचार का उपयोग किया है)
2. प्रतिभागियों से पूछें : "आप अपने क्षेत्र या देश में रसायनों के बारे में जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकते हैं?"
   बताएं कि सरकारी निकाय, डब्ल्यूएचओ, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम(यूएनईपी), और अन्य समूह आर्सेनिक, फ्लोराइड और नाइट्रेट के वितरण का डेटा और नक्शे रखते हैं।
3. रासायनिक मापदंडों को मापने के लिए विभिन्न विकल्पों के लिए "पावर पॉइंट : पानी की गुणवत्ता परीक्षण" में दृश्यों का उपयोग करें। यदि संभव हो, तो उनका वर्णन करते हुए उन्हें प्रदर्शित करें:
   - जांच की पट्टियां
   - कलर डिस्क कम्पेरेटर्स
   - कलरीमीटर और फोटोमीटर
   - डिजिटल मीटर
   - पोर्टेबल परीक्षण किट

## परिदृश्य: क्या परीक्षण करें? (वैकल्पिक) (10 मिनट)

इस गतिविधि के लिए पावर पॉइंट : "जल गुणवत्ता परीक्षण" का उपयोग करें।

1. समझाएं: अब जब हम विभिन्न मापदंडों और उनके परीक्षणों पर चर्चा कर चुके हैं, तो अब हम कुछ परिदृश्यों को देखेंगे।

2. प्रतिभागियों को 4 समूहों में विभाजित करें। प्रत्येक समूह को फ्लिपचार्ट पेपर का एक टुकड़ा, मार्करों का सेट और वाटर क्वालिटी टेस्टिंग परिदृश्य हैंडआउट दें ।

3. समूहों से यह कल्पना करने के लिए कहें कि उनके पास सीमित संसाधन हैं और अपने कार्यक्रम में वे गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कम से कम समय और धन खर्च करना चाहते हैं। उनसे फ्लिपचार्ट पेपर पर चर्चा कर के निम्न को लिखने के लिए कहें:
   - आप किन मापदंडों को मापेंगे? कब या कितनी बार?
   - आप परिणामों को किसे और कैसे बताएँगे?
   - निर्णय लेते समय आपके समूह ने क्या कल्पना की और किन सवालों का सामना किया?
4. 5-10 मिनट के बाद, प्रत्येक समूह को अपने परिदृश्य और उत्तरों को सबके सामने प्रस्तुत करने के लिए कहें। यदि आवश्यक हो तो उनकी कुछ काल्पनिक मान्यताओं, चुनौतियों या निर्णयों पर चर्चा करें।

ट्रेनर टिप

जब समूह अपने परिदृश्यों और उत्तरों को साझा करते हैं, तो स्वस्थ बहस को प्रोत्साहित करें। इस बात पर जोर दें कि अक्सर एक ही सही उत्तर नहीं होता है।
चर्चा के लिए निम्नलिखित विषयों पर विचार करें:
- यदि यह पहले से ही नहीं उठाया गया है, तो स्थानीय सरकार की भूमिका के बारे में पूछें।
- खराब संचारित परिणामों से संभावित जोखिमों के बारे में पूछें, गलत लोगों के साथ संवाद करना, या परिणामों को संचार करने में विफल होना।
- यदि किसी समूह ने स्वयं परीक्षण करने के बजाय एक स्थानीय प्रयोगशाला में नमूने भेजने का सुझाव दिया है, तो पूछें कि क्यों। नमूनों को एक प्रयोगशाला में भेजने के लिए अपने स्वयं के क्षेत्र परीक्षण करने के लाभों और सीमाओं पर चर्चा करें।

प्रश्नोत्तरी :समीक्षा (5 मिनट)

1. समझाएं कि आप कुछ प्रश्नों को पढ़ने जा रहे हैं। प्रतिभागियों को सोंच विचार कर इनके उत्तर अपनी कार्यपुस्तिकाओं में लिखने के लिए कहें। उन्हें बताएं कि सभी प्रश्नों को पढ़ने के बाद, आप उनके साथ उत्तरों पर चर्चा करेंगे।

निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़ें: प्रतिभागीओं के स्तर के अनुसार प्रश्नों को बदलें

- पानी की गुणवत्ता के 4 पहलू क्या हैं?
- जल गुणवत्ता परीक्षण में, एक संकेतक जाति क्या है?
- टर्बिडिटी के परीक्षण के लिए 1 तरीका बताइए।
- बैक्टीरिया का परीक्षण करने के लिए हमने जिन 3 तरीकों पर चर्चा की है, उनका नाम बताइए।
- 1 रासायनिक मानदंड और 1 तरीका जिसे आप इसे मापने के लिए उपयोग कर सकते हैं।

2. सभी के प्रश्नों के उत्तर लिखने के बाद, उन सभी को पुनः देखें। प्रत्येक प्रश्न के लिए, एक प्रतिभागी से अनुरोध करें कि वे अपना उत्तर साझा करें।
3. जोर दें कि यह एक प्राथमिक अवलोकन था। अधिक जानकारी के लिए CAWST के जल गुणवत्ता परीक्षण मैनुअल और कार्यशाला की सलाह दें।

## जल गुणवत्ता परीक्षण परिदृश्य

दृश्य 1

आप एक छोटे समुदाय-आधारित संगठन के लिए काम करते हैं जो पानी फिल्टर वितरित करने की योजना बना रहा है। 3 साल पहले के आपके बेसलाइन डेटा से आपको ज्ञात हुआ कि सतही पानी में उच्च फीकल प्रदूषण

था। लोग बरसात और सूखे के मौसम में सतह के पानी का उपयोग करते हैं। अधिकांश घरेलू शिक्षा और निगरानी कम्युनिटी वाश प्रमोटर वालंटियर के द्वारा की जाती है।

- आपको किन मापदंडों को मापना चाहिए? कब या कितनी बार?
- निर्णय लेते समय आपके समूह ने किन सवालों या धारणाओं का सामना किया?

दृश्य 2

---

आपका व्यवसाय सिरेमिक पॉट फ़िल्टर बेचना है। जब आपके फ़िल्टर आपकी उत्पादन केंद्र में निर्मित होते हैं, आप अनुपचारित और उपचारित पानी की व्यापक जल गुणवत्ता परीक्षण करते हैं। आप ग्राहकों को हर 2 साल में एक नया फ़िल्टर पॉट खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, लेकिन आपने यह देखने के लिए बहुत कम परीक्षण किया है कि आपके उत्पादन सुविधा छोड़ने के बाद फ़िल्टर कितना अच्छा कार्य करते हैं। आप नहीं जानते कि क्षेत्र में किस प्रकार के दूषित पदार्थ आम हैं, या पानी के किन स्रोतों का लोग उपयोग करते हैं।

- आपको किन मापदंडों को मापना चाहिए? कब या कितनी बार?
- निर्णय लेते समय आपके समूह ने किन सवालों या धारणाओं का सामना किया?

परिदृश्य 3

---

आपका संगठन 7 वर्षों से 1 प्रांत में पूरे ग्रामीण समुदायों में बायोसैंड फिल्टर वितरित कर रहा है। आपने देखा है कि उपचार से पहले उपयोग करने वाला पानी बहुत गन्दला हैं, लेकिन आपने कभी पानी की गुणवत्ता का परीक्षण नहीं किया है क्योंकि आप समझते है कि फ़िल्टर ठीक काम करते हैं। फिल्टर से निकलने पर पानी हमेशा साफ दिखता है। आपके कर्मचारी नियमित रूप से जांचते हैं कि क्या घरवाले फ़िल्टर का उपयोग कर रहे हैं और इसे ठीक से बनाए रख रहे हैं।

- आपको किन मापदंडों को मापना चाहिए? कब या कितनी बार?
- निर्णय लेते समय आपके समूह ने किन सवालों या धारणाओं का सामना किया?

परिदृश्य 4

---

आप एक सामाजिक व्यवसायी हैं जो एक नया एच डब्ल्यू टी एस कार्यक्रम शुरू करना चाहते हैं। उस क्षेत्र जहां आप काम करते हैं, के प्रकाशित डेटा बताते हैं कि वहां जलजनित डायरिया रोगों की बहुत प्रकोप है। आपको यह तय करने की जरूरत है कि इस क्षेत्र में बढ़ावा देने और बेचने के लिए कौन से एच डब्ल्यू टी एस उत्पाद ठीक हैं

- आपको किन मापदंडों को मापना चाहिए? कब या कितनी बार?
- निर्णय लेते समय आपके समूह ने किन सवालों या धारणाओं का सामना किया?